संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार 05 फरवरी 2026 | ₹ 1 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



राहुल गांधी ने संसद परिसर में नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक दिखलाते हुए सत्ता पक्ष पर निशाना साधा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 36 पृष्ठः 08

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## हरियाणा को केंद्रीय करों से मिलेंगे एक लाख करोड़: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पेश किया गया दूसरा बजट देश के साथ-साथ हरियाणा के लिए भी लाभकारी है। बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2026 से 2031 की अवधि के लिए वित्त आयोग की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। केंद्रीय करों हरियाणा राज्य का हिस्सा 1.093 प्रतिशत से बढकर 1.361 प्रतिशत हो गया है। 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा की तुलना में यह लगभग 24.5 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोतरी है और अब तक का सबसे अधिक हिस्सा है। इसका सीधा लाभ यह होगा कि वर्ष 2026-27 में हरियाणा को केंद्रीय करों से लगभग 20 हजार 772 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। यह राशि पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान से



करीब 5 हजार 547 करोड़ रुपये अधिक है। 16वें वित्त आयोग की अवधि में हरियाणा को करीब एक लाख करोड़ रुपये केंद्रीय करों से प्राप्त होंगे, जो कि हरियाणा को मिलने वाला अब तक का सबसे ज्यादा फंड है।बजट में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को लगभग 12 लाख 20 हजार करोड़ रुपये तक बढ़ाया गया है। यह निवेश सडकों, रेल, शहरी अवसंरचना, औद्योगिक कॉरिडोर और लॉजिस्टिक्स को मजबूत करेगा। इसका सीधा लाभ हरियाणा को मिलेगा, क्योंकि हमारा राज्य दिल्ली-एनसीआर, औद्योगिक गलियारों और राष्ट्रीय राजमार्गों का केंद्र है। युवा कौशल विकास व शिक्षा क्षेत्र के लिए 1 लाख 39 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, बायोटेक और साइबर सिक्योरिटी जैसी तकनीकों के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का विशेष फंड रखा गया है।

# भारत-अमेरिका के बीच व्यापार डील देश हित में: पीयूष गोयल

### विपक्ष के हंगामे के बीच पीयूष गोयल ने लोकसभा में भारत-अमेरिका व्यापार डील पर दिया बयान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच भारत-अमेरिका के बीच व्यापार डील पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि यह समझौता देश और निर्यातकों के हित में है और इसमें कृषि-खाद्य क्षेत्रों की संवेदनशीलता का ध्यान रखा गया है। हंगामा जारी रहने पर लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के भारी शोर-शराबे के कारण दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। गोयल के बयान के दौरान लोकसभा में विपक्ष का हंगामा जारी रहा, लेकिन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ जिस द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे रहा है, वह संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों की पूरी तरह से रक्षा करता है। उन्होंने सदन को बताया कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए बातचीत पूरी की है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते से भारतीय किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा। गोयल ने लोकसभा में कहा कि दोनों देश जल्द ही समझौते का विवरण देते हुए एक संयुक्त बयान जारी करेंगे। सरकार का पक्ष रखते हुए उन्होंने कहा कि इस डील में उर्वरक और कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भारत के हितों की पूरी तरह रक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि यह समझौता छोटे और मध्यम कारोबारियों, एमएसएमई, औद्योगिक इकाइयों, कुशल श्रमिकों और उद्योगों के लिए नए अवसर खोलेगा एवं उन्नत तकनीकों तक पहुंच को आसान बनाएगा। इससे 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड', 'डिजाइन इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' और 'इनोवेट इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के लक्ष्यों को गति मिलेगी। केंद्रीय वाणिज्य एंव उद्योग मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों के हितों को देखते हुए स्वाभाविक है कि दोनों पक्ष अपनी-अपनी अर्थव्यवस्थाओं के महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करते हुए सर्वोत्तम परिणाम सुनिश्चित करना चाहेंगे।



### भाजपा सांसद ने गांधी परिवार पर लिखी किताबें दिखाईं

लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गांधी परिवार और कांग्रेस पर लिखी किताबें और नोट्स दिखाए। उन्होंने कहा इन किताबों में गांधी परिवार और कांग्रेस परिवार की मक्कारी, गद्दारी, भ्रष्टाचार और अय्याशी का जिक्र है। निशिकांत की कोट की गई किताबों में एडविना एंड नेहरू, रेमिनिसेंस ऑफ द नेहरू एज, द रेड साड़ी, एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर समेत दूसरी किताबें और नोट्स दिखाए। आज फिर चेयर की तरफ विपक्षी सांसदों ने पेपर उड़ाए। विपक्षी सांसदों ने चेयर की तरफ आज भी पेपर उछाले। कल इसी हरकत पर 8 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया था। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में अमेरिका से टैरिफ डील पर बयान दिया।

### लोकसभा में पीएम मोदी की स्पीच टली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे के चलते बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही 4 बार स्थगित हुई। शाम 5 बजे प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते स्पीकर संध्या राय ने कार्यवाही कल तक स्थगित कर दी। इससे पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन भी टल गया।

**पीएम की स्पीच से पहले क्या हुआ**
ॉशाम 5 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तब विपक्ष की महिला सांसदों ने सत्ताधारी नेताओं की कुर्सियां घेर लीं। इनमें पीएम मोदी की कुर्सी भी थी। महिला सांसदों के हाथ में बड़े बैनर थे, जिन पर लिखा था– जो सही है, वो करो। ये सांसद मंगलवार को हंगामे के बाद 8 विपक्षी सांसदों के निलंबन का विरोध कर रही थीं। हंगामे के चलते स्पीकर ने



कार्यवाही स्थगित कर दी। कुछ मंत्रियों ने विपक्षी सांसदों से जाने को कहा, इसके बाद उन्होंने घेराव बंद किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम की कुर्सी का घेराव करने वालों में विपक्षी सांसद वर्षा गायकवाड़ और ज्योतिमणि भी शामिल थीं। इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में विपक्ष और बीजेपी सांसदों के बीच भी बहस हुई। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है, इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष एम.ए. अय्यंगार को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से वांगचुक की हिरासत की समीक्षा करने को कहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा है कि उसे सोनम वांगचुक की खराब होती जा रही तबीयत को ध्यान में रखते हुए उनकी हिरासत जारी रखने के फैसले पर दोबारा विचार करना चाहिए। जस्टिस अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार के वकील को इस संबंध में निर्देश लेकर कोर्ट को सूचित करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस पीबी वराले ने कहा कि क्या केंद्र सरकार सोनम वांगचुक की हिरासत जारी रखने पर दोबारा विचार कर सकती है।



जस्टिस वराले का समर्थन करते हुए जस्टिस अरविंद कुमार ने कहा कि सोनम वांगचुक पांच माह से हिरासत में हैं। उनकी तबीयत लगातार खराब हो रही है। कुछ उम्र संबंधी बीमारियां भी हैं। ऐसे में सरकार को हिरासत जारी रखने पर दोबारा विचार करना चाहिए।




## संसद परिसर में राहुल गांधी-रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी नोकझोंक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा में लगातार हंगामे के बीच बुधवार को संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय राज्य मंत्री व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर टिप्पणियां कीं। जहां राहुल गांधी ने रवनीत बिट्टू को गद्दार दोस्त कहा, वहीं भाजपा सासंद राहुल गांधी को देश का दुश्मन बताते नजर आए।


**उनकी फिटनेस अच्छी है, लेकिन मेरा हाथ हमारा भी भारी**
इस पूरे प्रकरण पर बात करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा, स्पीकर साहब तो सदन के कस्टोडियन (संरक्षक) हैं। वह मालिक हैं, और कहां जाएगा




आदमी यहां पर अगर ये चीजें होगी और उनकी अच्छी फिटनेस है, हाथ हमारा भी भारी ही होता है, हल्का नहीं होता, लेकिन यह हमारा राजनीति में काम नहीं है। हमें जो भी बात करनी है, वह लहजे और लिहाज से करनी है, सही तरीके से करनी है। संसदीय भाषा में बात करनी चाहिए। ये लोग आज ताकत के बगैर मतलब गुंडागर्दी तक उतर आए हैं। इन्हें जनता देखेगी कि इनके साथ क्या करना है।

## जनगणना 2027 के दूसरे चरण में होगी जाति गणना, डिजिटल माध्यम से होगा पूरा अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि जनगणना 2027 के दौरान जाति गणना की जाएगी। यह जानकारी गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में पूछे गए दो अलग-अलग प्रश्नों के लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने बताया कि भारत में जनगणना का संचालन दो चरणों में किया जाता है। पहले चरण में हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस (एचएलओ) के तहत मकान की स्थिति, संपत्ति, सुविधाओं आदि से संबंधित जानकारी एकत्र की जाती है। इस चरण के लिए प्रश्नों को 22 जनवरी को अधिसूचित किया जा चुका है। दूसरे चरण यानी



जनसंख्या गणना में प्रत्येक व्यक्ति से जुड़े जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक तथा जाति संबंधी विवरण जुटाए जाएंगे। दूसरे चरण के प्रश्न, जिनमें जाति से जुड़े प्रश्न भी शामिल होंगे, चरण के आरंभ से पहले निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अधिसूचित किए जाएंगे। मंत्री ने यह भी बताया कि जाति गणना को लेकर तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों के संगठनों से कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत विचार किया जाएगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में गृह राज्य मंत्री ने कहा कि जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल होगी। इसके लिए मोबाइल ऐप्स, जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी पोर्टल तथा स्व-गणना पोर्टल विकसित किए गए हैं। मोबाइल ऐप्स में ऑफलाइन डेटा संग्रह की भी सुविधा उपलब्ध होगी।
केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही कागजी माध्यम का उपयोग किया जाएगा, जिसे बाद में डिजिटाइज किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने 1253 कांस्टेबलों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र, आगामी दो महीनों में 800 और कांस्टेबलों की भर्ती की जाएगी

## प्रदेश पुलिस सबसे आधुनिक, तेज और भरोसेमंद पुलिस: मुख्यमंत्री सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**
**विजय समयाल**
**कांगड़ा।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के पुलिस कॉलेज डरोह में 'रोजगार संकल्प मेलेइ के दौरान नवनियुक्त 1253 कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस बार पुलिस भर्ती पूरी पारदर्शिता के साथ की गई है, जबकि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में पुलिस भर्ती के पेपर लीक हुए और पिछली सरकार को युवाओं के दबाव में भर्ती प्रक्रिया को रद्द करना पड़ा।



उन्होंने कहा वर्तमान सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस बार पुलिस की भर्ती के पेपर पुलिस विभाग से नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से करवाना सुनिश्चित किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार आगामी दो महीनों के भीतर 800 और पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती करेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम हिमाचल प्रदेश पुलिस को और मजबूत करेगा तथा इससे कानून व्यवस्था को बेहतर तरीके से लागू करने में सहायता मिलेगी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आप केवल नौकरी नहीं ले रहे हैं बल्कि आज आप एक जिम्मेदारी, एक पहचान और एक मिशन को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश शांति, संस्कृति और देवभूमि के लिए जाना जाता है।
आज सरकार ने नशे के विरुद्ध लड़ाई को एक जन आंदोलन बनाया है जिसकी सबसे सबसे मजबूत ताकत हिमाचल प्रदेश पुलिस है। उन्होंने कहा कि हिमाचल पुलिस देश की सबसे आधुनिक, सबसे तेज और सबसे भरोसेमंद पुलिस फोर्स में शामिल है।
उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवा (ईआरएसएस-112) में औसत प्रतिक्रिया समय के मामले में हिमाचल पुलिस पूरे देश में पहले स्थान पर है जबकि सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टमस) में पहाड़ी राज्यों में हिमाचल प्रदेश लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। आईटीएसएसओ (इनवेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सैक्सुअल ओफेंसिसद्ध में हिमाचल पुलिस लगातार देश-भर में पांचवां स्थान प्राप्त कर रही है।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में राजस्थान फिर अव्वल, भजनलाल के नेतृत्व में विभाग कीर्तिमान स्थापित कर रहा

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आईसीडीएस द्वारा सितंबर 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद पुनः जनवरी 2026 में देशभर में शीर्ष स्थान हासिल करना राज्य के लिए गर्व का विषयः उपमुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जनवरी 2026 की राष्ट्रीय मासिक रैंकिंग में राजस्थान को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर आईसीडीएस राजस्थान एवं विभागीय अधिकारियों को बधाई दी है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आईसीडीएस द्वारा सितंबर 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद पुनः जनवरी 2026 में देशभर में शीर्ष स्थान हासिल करना राज्य के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में विभाग लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वर्ष 2025 में विभाग को पोषण माह में द्वितीय स्थान तथा पोषण पखवाड़ा में प्रथम स्थान मिलना भी उल्लेखनीय उपलब्धि रही है। आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत ने बताया कि मासिक रैंकिंग में राजस्थान प्रथम स्थान पर रहा, जबकि कर्नाटक दूसरे, असम तीसरे, महाराष्ट्र चौथे एवं उत्तर प्रदेश पांचवें स्थान पर रहा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना देश के सभी जिलों में एक जनवरी 2017 से लागू है। नई गाइडलाइन के अनुसार एक अप्रैल 2023 से प्रथम बच्चे के जन्म पर निर्धारित शर्तें पूरी करने पर दो किश्तों में कुल 5000 रुपये




(3000 व 2000 रुपये) की सहायता दी जा रही है। वहीं एक अप्रैल 2022 से दूसरे बच्चे के जन्म पर (केवल बालिका होने पर) निर्धारित शर्तों एवं दस्तावेजों के प्रमाणीकरण के बाद 6000 रुपये की एकमुश्त सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के लिए नवीन पोर्टल पर पंजीकरण एक अप्रैल 2023 से प्रारंभ किया गया है।

**इंडिया स्टोन मार्ट का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे उद्घाटन**

भारत की प्राकृतिक पत्थर उद्योग को वैश्विक मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से स्थापित करने के उद्देश्य से इंडिया स्टोन मार्ट 2026 का आयोजन आगामी 5 से 8 फरवरी 2026 तक जयपुर के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) सीतापुरा में किया जा रहा है। यह आयोजन न केवल भारत,बल्कि एशिया के सबसे बड़े और सबसे प्रभावशाली स्टोन इंडस्ट्री प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। चार दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं उद्योग संवाद का भव्य उद्घाटन गुरुवार को मुग्धा कन्वेंशन हॉल में प्रातः 10 बजे होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे। उद्घाटन अवसर पर उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, मधुसूदन दादू, राष्ट्रीय अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, लघु उद्योग भारती के संगठन महामंत्री प्रकाश चंद्र , आर.के. मार्बल के अध्यक्ष अशोक पाटनी, प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज, इंडिया स्टोनमार्ट 2026 आयोजन समिति के संयोजक नटवरलाल अजमेरा, उपाध्यक्ष दीपक अजमेरा सीडॉस और रीको के पदाधिकारी सहित स्टोन इंडस्ट्री से जुड़े देश-विदेश के कई वरिष्ठ उद्योगपति,निर्यातक, नीति निर्माता और विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

## मुख्यमंत्री ने की जनसुनवाई, अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता से समाधान करने, प्रकरणों का समयबद्ध फॉलोअप सुनिश्चित करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। हमारी नीतियों और नीयत के केंद्र में लोककल्याण है। उन्होंने दो टूक कहा कि जनसेवा की भावना से कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, श्रम, कृषि, गृह, राजस्व, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर



निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। जनसुनवाई में महिलाएं, युवा, दिव्यांगजन और वृद्धजन सहित बड़ी संख्या में परिवादी उपस्थित रहे, जो अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान से संतुष्ट नजर आए।

# केंद्रीय बजट 2026 देश के भविष्य की मजबूत आधारशिलाः मुख्यमंत्री धामी



**समग्र विकास**

केंद्रीय बजट उत्तराखंड के समग्र विकास, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगाः धामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान केंद्रीय बजट 2026 को देश के भविष्य की मजबूत आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में विश्वास और विकास का बजट है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में इको टूरिज्म और पर्वतीय ट्रेल के विकास पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों को विशेष लाभ मिलेगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस बजट से आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। भविष्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, किसान सशक्त होंगे, महिला सशक्तिकरण को नया बल मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार व अवसरों का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री ने इसे पर्वतीय राज्यों को आगे बढ़ाने वाला बजट बताया। मुख्यमंत्री धामी ने हवाई सेवाओं के विस्तार और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने को बजट की बड़ी उपलब्धि बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि रेलवे क्षेत्र में उत्तराखंड को ऐतिहासिक उपलब्धि मिली है। राज्य को 4769 करोड़ रुपये का रेल बजट आवंटित किया गया है, जो पिछली सरकारों की तुलना में लगभग 26 गुना अधिक है। केंद्रीय बजट 2026 उत्तराखंड के समग्र विकास, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# युवाओं को मांग आधारित कौशल और रोजगार से जोड़ेः पुष्कर सिंह धामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं को मांग आधारित कौशल, सुनिश्चित रोजगार और बेहतर वेतन उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम विकसित करने, प्रशिक्षित ट्रेनर उपलब्ध कराने और आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों को उन्नत करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय सभागार में कौशल विकास कार्यक्रमों की प्रगति व प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए फॉरवर्ड लिंकेज व्यवस्था की समीक्षा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की



गई। बैठक में इस तथ्य पर चर्चा की गई कि राज्य में आईटीआई एवं तकनीकी संस्थानों तथा प्रशिक्षित युवाओं की संख्या बढ़ने के बावजूद उद्योगों में उनकी प्लेसमेंट और अपेक्षित वेतन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने इसे प्रबंधन, विभागीय समन्वय और प्लेटफॉर्म स्तर पर कमियों का संकेत बताते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एक ओर नाई, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, मिस्त्री व कारपेंटर जैसे कार्यों के लिए कुशल श्रमिकों की कमी बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर आईटीआई से प्रशिक्षित युवा रोजगार की तलाश में हैं। उन्होंने तकनीकी, शिक्षा, कौशल विकास एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया। उन्होंने उद्योगों और भविष्य की तकनीकी मांग के अनुरूप पाठ्यक्रम विकसित करने, तकनीकी संस्थानों को आधुनिक बनाने तथा प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ स्मार्ट मानव संसाधन के विकास को प्राथमिकता बताया।

# भूपेश सरकार ने कवासी लखमा को बलि का बकरा बनायाः उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** शराब घोटाले में आरोपित पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आज बुधवार को जेल से बाहर निकलेंगे। वहीं छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भूपेश सरकार ने शराब, डीएमएफ, कोयला जैसे कई घोटाले किए, लेकिन कवासी लखमा को बलि का बकरा बनाया गया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ में उच्चस्तीरीय बैठक को लेकर कहा कि 15 प्रतिशत भूभाग और 15 प्रतिशत नक्सलियों का शस्त्र बल शेष है। केंद्र और राज्य की सरकार एक भी गोली नहीं चलाना चाहती है। नक्सलियों के लिए पुनर्वास एक अच्छी व्यवस्था है, शेष नक्सलियों पर सुरक्षाबल कार्रवाई करेंगे। सुरक्षाबल की भुजाओं के सामने कोई नहीं टिक सका है। दिल्ली में राहुल गांधी से भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल की मुलाकात पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश के तंज पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुशासन बहुत बड़ी बात है। कांग्रेस मंडल बना लेगी, लेकिन अनुशासन कहां से लाएगी। बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि विनय सहस्त्रबुद्धे वहां मौजूद थे, वहां विनय सहस्त्रबुद्धे से चर्चा हो रही थी। धान की खरीद की तारीख में दो दिनों की बढ़ोतरी पर विजय शर्मा ने कहा कि किसी किसान को कोई परेशानी नहीं होगी। कांग्रेस का जनता से कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस हमेशा अपने मुद्दों को लेकर सोचती है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएमसीएच पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के पुनर्विकास और निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आपातकालीन भवन (फेज-1) के प्रथम तल पर स्थित रेडियोलॉजी विभाग में उपलब्ध कराई गई स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर अधिकारियों ने उन्हें बताया कि विभाग में विश्वस्तरीय सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनों सहित सभी आवश्यक आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं



उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री नवनिर्मित आपातकालीन भवन के पांचवें तल पर पहुंचे, जहां उन्होंने शिशु विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नियोनेटिकल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) वार्ड, नर्स स्टेशन, स्वच्छ एवं मलिन वस्त्र भंडार सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने इसके पश्चात अस्पताल प्रांगण में चल रहे पुनर्विकास एवं निमार्णाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से पीएमसीएच के पुनर्विकास कार्यों की प्रगति और वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि पुनर्विकास परियोजना के तहत पीएमसीएच को 5,462 बेड की क्षमता वाले अत्याधुनिक अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# इंडियावुड 2026 का 26 फरवरी से होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** इंडियावुड 2026 का आयोजन 26 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक बेंगलुरु स्थित बैंगलोर इंटरनेशनल एग्जीबिशन सेंटर में किया जा रहा है। नूर्नबर्गमेस्से इंडिया द्वारा आयोजित इस द्विवार्षिक प्रदर्शनी का यह 26वां संस्करण है, जो वुडवर्किंग, फर्नीचर उत्पादन और मैट्रेस निर्माण के लिए एक वैश्विक शिखर सम्मेलन के रूप में स्थापित हो चुका है।अब तक के सबसे बड़े संस्करण के रूप में इंडियावुड 2026 में 50 से अधिक देशों के 1,000 से ज्यादा ब्रांड्स भाग लेंगे। लगभग 90,000 उद्योग पेशेवरों की उपस्थिति और 85,000 वर्ग मीटर में फैली प्रदर्शनी के साथ यह संस्करण पिछले आयोजन की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। भागीदारी का यह स्तर भारत की विनिर्माण क्षमताओं में बढ़ते वैश्विक भरोसे को रेखांकित करता है और विकसित भारत के विजन के अनुरूप उन्नत विनिर्माण, निर्यात और वैश्विक एकीकरण को मजबूती देता है। नूर्नबर्गमेस्से इंडिया की प्रबंध निदेशक सोनिया प्राशर ने कहा कि इंडियावुड 2026 भारत के वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण उद्योग में बढ़ते आत्मविश्वास, परिपक्वता और वैश्विक महत्वाकांक्षा का प्रतीक है।

# परियोजना कार्यालय में वाहनों का हो रहा नियम विरूद्ध भुगतान, परियोजना कार्यालय के संचालन पर उठाये सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्योपुर।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग में चल रहे गड़बड़झाले को लेकर श्योपुर के कांग्रेस विधायक बाबू जण्डेल ने विधानसभा में कई गंभीर प्रश्न लगाये हैं। गत 31 जनवरी 2026 को विधानसभा में लगाये गये प्रश्नों में विधायक बाबू जण्डेल ने उल्लेख किया है कि श्योपुर जिले में महिला एवं बाल विकास द्वारा गंभीर अनियमितताऐं बरती जा रही है। यहां वाहनों का नियम विरूद्ध संचालन व भुगतान कर लाखों रुपए की हेरा-फेरी की जा




रही है। इतना ही नहीं आंगनबाड़ी सुपरवाईजरों को मुख्यालयों पर निवास करने के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। विधायक ने सवाल किये हैं कि परियोजना कार्यालयों का पृथक से कार्यालय होने के बाद भी सालों से तीनों परियोजनाओं का संचालन जिला मुख्यालय से ही किया जा रहा है।

**जिले में चल रही 9 गाड़ियां**

महिला बाल विकास में वर्तमान में 9 वाहन संचालित है। प्रतिवाहन का 37500 रुपए प्रतिमाह भुगतान हो रहा है।

ग्रामीण-1 एवं ग्रामीण-2 परियोजना का प्रभार पवनजीत अरोरा पर है। उक्त परियोजना में दो गाडी लगी हुई है, दोनों का भुगतान हो रहा है। यहां सवाल यह है कि एक व्यक्ति द्वारा दो-दो वाहनों का उपयोग कैसे किया जा रहा है? जबकि सभी वाहन बिना टेंडर प्रर्क्रिया के लगाये गये हैं, जिनका टेक्सी परिमिट भी नहीं है।

# मनसा देवी भूस्खलन के प्रबंधन का केंद्र की टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**हरिद्वार**

भूस्खलन जोखिम प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र, विश्व बैंक तथा नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल इंस्टिट्यूट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत, नेपाल एवं भूटान से आए प्रतिभागियों ने सहभागिता की। टीम के सदस्यों द्वारा मनसा देवी पहाड़ी से हो रहे भूस्खलन के उचित प्रबंधन, ट्रीटमेंट के लिए निरीक्षण किया गया। भूस्खलन जोखिम पर यह एक सप्ताह-व्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम 02 फरवरी को देहरादून में प्रारंभ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों को भूस्खलन प्रक्रियाओं, जोखिम कारकों, मूल्यांकन पद्धतियों तथा प्रबंधन रणनीतियों की समग्र एवं व्यवहारिक समझ विकसित हो सके। प्रशिक्षण के क्रम में, 04 फरवरी को हरिद्वार स्थित मानसा देवी पहाड़ियों के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में एक प्रशिक्षण भ्रमण आयोजित किया गया। यह भ्रमण उस स्थल पर आयोजित किया गया जहां यूएलएमएमसी द्वारा भू-डिजाइन, भू-अन्वेषण, ड्रिलिंग तथा भू-भौतिकीय जांच जैसे वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रतिभागियों को यूएलएमएमसी के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार के नेतृत्व में स्थल की वास्तविक परिस्थितियों तथा चल रही जांच एवं विश्लेषण प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त हुआ। विशेषज्ञों के साथ हुई चचाओं में यह स्पष्ट किया गया कि इस प्रकार के क्षेत्रीय अवलोकन किस प्रकार प्रभावी दीर्घकालिक जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियों की योजना एवं डिजाइन में सहायक होते हैं। नेपाल एवं भूटान से आए अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता ने भूस्खलन जोखिम प्रबंधन में बहु-एजेंसी एवं अंतर-देशीय सहयोग के महत्व को और अधिक रेखांकित किया। चचाओं के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि भूस्खलन शमन उपायों की योजना, डिजाइन एवं क्रियान्वयन के लिए समन्वित, एकीकृत तथा बहु-विभागीय दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है।

अधोसंरचना विस्तार के साथ बेहतर स्वास्थ्य संकेतकों की ओर तेज गति से अग्रसर हो रहा है मप्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# सुदृढ़ हो रही हैं मध्य प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएंः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपालः** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आम नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सशक्त किया जा रहा है। समन्वित प्रयासों से स्वास्थ्य अधोसंरचना का व्यापक विस्तार हुआ है और आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को जारी अपने संदेश में कहा कि मेडिकल शिक्षा, सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों में उल्लेखनीय प्रगति के साथ मध्य प्रदेश स्वास्थ्य संकेतकों में निरंतर सुधार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश ने मातृ-शिशु स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। प्रदेश में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 173 से घटकर 142 तथा शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 41 से घटकर 37 हुई है। जननी सुरक्षा योजना एवं मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत लाखों लाभार्थियों को हजारों करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है। नवजात एवं कुपोषण प्रबंधन में एसएनसीयू एवं एनआरसी की सफल डिस्चार्ज दरों में भी वृद्धि हुई है।

**टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 5 राज्यों में शामिल**

मुख्यमंत्री ने बताया कि जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत टीबी उन्मूलन



कार्यक्रम में मध्य प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 5 प्रदर्शनकारी राज्यों में शामिल हुआ है। सिकल सेल मिशन के अंतर्गत व्यापक स्क्रीनिंग एवं उपचार सुविधाएँ विकसित की गई हैं। आयुष्मान भारत योजना में 4.43 करोड़ कार्ड तैयार कर प्रदेश के नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई है। योजनांतर्गत पात्र परिवारों को 5 लाख रुपए तक निःशुल्क उपचार दिया जा रहा है। साथ ही गंभीर रोगियों को आपात स्थिति में त्वरित रूप से उच्च स्तरीय उपचार पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से मुहैया कराया जा रहा है। अब तक 120 से अधिक नागरिकों को आपात स्थिति में सेवा का लाभ मिला है। मानवीय संवेदनाओं के दृष्टिगत निःशुल्क एवं सम्मानजनक शव-परिवहन सेवा भी प्रारंभ की गई है। राह-वीर योजना में आपात काल में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने वाले नागरिक को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। साथ ही, मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं।

**मेडिकल हब बनने की ओर अग्रसर है मध्यप्रदेश**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2003 तक प्रदेश में सिर्फ 6 मेडिकल कॉलेज थे। वर्तमान में प्रदेश में 33 मेडिकल कॉलेज है। विगत 2 वर्षों में शासकीय मेडिकल कॉलेजों की संख्या 14 से बढ़कर 19 तथा निजी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 12 से बढ़कर 14 हो गई है। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, इंदौर में 50 एमबीबीएस सीटों के साथ संचालन प्रारंभ किया गया है। आगामी 2 वर्षों में 6 शासकीय एवं पीपीपी मोड पर 13 मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किया जाना योजना में शामिल है। विगत 2 वर्षों में सरकारी एमबीबीएस सीटें 2275 से बढ़कर 2850 हुई हैं, जबकि सरकारी एवं निजी मिलाकर कुल एमबीबीएस सीटें 5550 हो गई हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया कैथू में एचपीएससीबी की नई शाखा का उद्घाटन

**नेटवर्क**

» राज्य में सहकारी बैंकिंग नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज कैथू में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की नव-स्थापित शाखा का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य में सहकारी बैंकिंग नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और समाज के सभी वर्गों तक सुलभ बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक हिमाचल प्रदेश के किसानों, छोटे व्यापारियों, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमियों को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सहकारी संस्थाओं के विकास और सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राज्य सरकार की जमा राशि हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक में रखी जानी चाहिए ताकि राज्य में सहकारी बैंकिंग प्रणाली की वित्तीय मजबूती और स्थिरता को और अधिक बढ़ावा मिल सके।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने एचपीएससीबी के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि बैंक आम लोगों की सेवा की मूल भावना को बनाए रखते हुए आधुनिक, प्रौद्योगिकी-आधारित बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के लिए निरंतर सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कैथू शाखा स्थानीय लोगों की वित्तीय आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करेगी और आर्थिक विकास में योगदान देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एचपीएससीबी राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे ई-टैक्सी योजना को लागू करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 2 करोड़ रुपये का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने बैंक के इस उदार योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वित्तीय सहायता प्रभावितों को राहत प्रदान करने तथा राज्य में प्राकृतिक आपदाओं और अन्य आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने में अत्यंत सहायक साबित होगी।

## अटया में 8 को विराट हिंदू महासम्मेलन का आयोजन

**राजन पुरी**

**ऊना।** उपतहसील जोल की ग्राम पंचायत अंबेहडा धीरज के गांव अटया में 8 फरवरी को विराट हिंदू महा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा।

यह जानकारी समाजसेवी योग राज जोगी ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य स्वयं परिवर्तन से राष्ट्र धर्म प्रोत्साहन को जन-जन तक पहुंचाना है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में परम पूज्य ब्रह्मनिष्ठ महामंडलेश्वर श्री श्री महंत श्री विष्णु देवानंद जी महाराज के कृपापात्र पूज्य उदेशनंद जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# पंचायत चुनाव को लेकर प्रदेश को बार-बार क्यों गुमराह कर रहे हैं मुख्यमंत्री : जय राम ठाकुर

**नुकसान**

» पंचायत चुनाव न करवा कर ग्रामीण और शहरी निकायों का बहुत नुकसान कर रहे हैं मुख्यमंत्री



**चमन शर्मा**

**शिमला।** शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर सरकार आखिरकार खुलकर सामने आ ही गई। अगर सरकार को समय पर चुनाव नहीं करवाने थे और हाई कोर्ट के आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देनी ही थी तो सरकार चुनाव की तैयारी का स्वांग क्यों रच रही थी?

मुख्यमंत्री एक तरफ माननीय न्यायालय के फैसले पर अवांछनीय टिप्पणी करके निर्वाचन सूची के प्रकाशन के निर्देश की खबरें क्यों छपवा रहे थे? जब भारतीय जनता पार्टी चुनाव में सरकार द्वारा की जा रही देरी पर सवाल उठा रही थी तो मुख्यमंत्री और उनके मंत्री क्यों कह रहे थे कि समय पर चुनाव होंगे? आखिर सरकार और उसके मुखिया किस हद तक, कहां-कहां झूठ बोलेंगे? अपनी पाताल में चली गई लोकप्रियता के चलते सरकार ने बहुत पहले ही ठान लिया था कि उसे पंचायत चुनाव नहीं करवाने हैं। इसीलिए बार-बार राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना की जा रही थी उनके द्वारा दिए जा रहे पत्रों पर न तो कोई कार्रवाई की जा रही थी और न ही उचित जवाब दिया जा रहा था। यह सरकार पूर्णतया दिशाहीन और किंकर्तव्यविमूढ़ है।

पूरे देश में लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां उड़ा रही है और महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज सपनों को कुचल रही है। सरकार पंचायत चुनावों को इतने हल्के में क्यों ले रही है, यह समझ नहीं आ रहा है।

एक तरफ सरकार केंद्र द्वारा सहयोग न किए जाने का रोना रोती है और दूसरी तरफ केंद्र द्वारा दिए जा रहे भरपूर सहयोग को प्राप्त करने के रास्ते बंद कर रही। यदि लोगों द्वारा निर्वाचित स्थानीय निकाय नहीं होगा तो उसका विकास कैसे होगा?

## 15 तक अनिवार्य रूप से करवाएं ई-केवाईसी सत्यापन

**राजन पुरी**

**ऊना।** प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को पेंशन राशि समय पर, पारदर्शी एवं सीधे उनके बैंक अथवा डाकघर खातों में उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से ई-केवाईसी सत्यापन की व्यवस्था लागू की गई है। इस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए विभाग द्वारा एक मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है। जिला कल्याण अधिकारी ऊना आवास पंडित ने जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के जिन लाभार्थियों ने अभी तक अपना ई-केवाईसी सत्यापन नहीं करवाया है, उनकी पेंशन अस्थायी रूप से रोक दी गई है।

# यूपीए की तुलना में मोदी सरकार ने हिमाचल को दिया 27 गुना ज़्यादा रेल बजट : अनुराग सिंह ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को रेलवे विस्तार के लिए 2 हजार 911 करोड़ रुपए दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार प्रकट किया है।



अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा मोदी सरकार हिमाचल प्रदेश में इंफ़्रास्ट्रक्चर विस्तार और रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की मोदी सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में देवभूमि हिमाचल प्रदेश को रेल नेटवर्क के विस्तार, आधुनिकीकरण, सुरक्षा परियोजना और विद्युतीकरण के लिए 2911 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। मोदी सरकार का हिमाचल में रेल नेटवर्क के विकास में सदा ही विशेष योगदान रहा है और यह मंजूर राशि कांग्रेस सरकार द्वारा दी गई राशि से 27 गुना अधिक है। देवभूमि हिमाचल के यात्रियों की सुविधा व उनके बेहतर यात्रा अनुभव के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। इस बड़ी पर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी , वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन व रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव का हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा अगर देवभूमि में मौजूदा रेलवे विस्तार के कार्यों को देखें तो अभी हिमाचल में 17 हजार 711 करोड़ की परियोजनाएं चल रहीं हैं जिससे राज्य में रेल नेटवर्क बेहतर होगा। 46 करोड़ रुपए की लागत से हिमाचल प्रदेश के चार रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना के तहत नए सिरे से विकसित किए जाने का भी प्रावधान इस बजट में किया गया है। 2014 से अब तक करीब 16 किलोमीटर की रेल लाइनों का निर्माण हुआ है व 26 फ्लाईओवर और अंडरपास भी विकसित किए गए हैं।

## जिला चम्बा में पंचायत निर्वाचन मतदाता सूचियों का अंतिम रूप प्रकाशित : मुकेश रेपसवाल

**हामिद खान**

**चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार जिला चम्बा की समस्त ग्राम पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का प्रारूप 06 अक्तूबर 2025 को प्रकाशित किया गया था, जिस पर प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटारा किए जाने के उपरांत पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 21(1) के अंतर्गत अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियां से संबंधित भाग की प्रतिलिपि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) चंबा, जिला पंचायत अधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) चंबा के अलावा संबंधित ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों तथा जिला परिषद चम्बा के कार्यालय में निशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी।

उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है वे जिला स्तर पर संबंधित कार्यालयों में उपस्थित होकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं जिसके लिए निर्धारित शुल्क 2 रुपए देय होगा।

**संक्षिप्त खबरें**

## राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में यशोवर्धन अत्री ने रचा इतिहास



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकासनगर के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि विद्यालय के होनहार योगासन खिलाड़ी यशोवर्धन अत्री ने 69वीं एस.जी.एफ.आई. राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश और विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पश्चिम बंगाल के दीघा (पूर्वा) में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से श्रेष्ठ योगासन खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में यशोवर्धन अत्री ने अंडर-19 बालक वर्ग में अपने पहले ही प्रयास में चौथा स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उनका यह प्रदर्शन न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि हिमाचल प्रदेश के लिए भी गर्व का क्षण है। यशोवर्धन की यह सफलता उनकी निरंतर साधना, कठोर परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का सजीव प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि यशोवर्धन अत्री इससे पूर्व राज्य स्तर पर चार स्वर्ण पदक अपने नाम कर चुके हैं। इसके साथ ही वे अब तक तीन राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनकी निरंतर उपलब्धियाँ योगासन के प्रति उनकी गहरी रुचि, समर्पण और नियमित अभ्यास को दर्शाती हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकासनगर में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

## विधायक प्राथमिकताओं से संबंधित कार्यों की प्रगति बारे समीक्षा बैठक आयोजित



**हामिद खान**

**चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिले से संबंधित विधायक प्राथमिकताओं के संबंध में पूर्व में आयोजित बैठक की कार्यवाही पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट (एक्शन टेकन रिपोर्ट) की समीक्षा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विधायक प्राथमिकताओं के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष रूप से चम्बा शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पार्किंग सुविधाओं के निर्माण, पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चम्बा में फर्नीचर एवं स्वास्थ्य उपकरणों की स्थापना, रेडियोलॉजिस्ट के पदों को भरने, चम्बा जिला को धार्मिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने, चुवाड़ी से चम्बा के मध्य प्रस्तावित टनल परियोजना, खजियार में साहसिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, चम्बा में इंडोर खेल स्टेडियम एवं लघु सचिवालय के निर्माण कार्यों की प्रगति तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के सुधार कार्यों आदि की उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गई।

## वन अधिकारों की जानकारी देने के लिए शोघी पंचायत में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम



**चमन शर्मा**

**शिमला।** अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के परिपेक्ष में वन अधिकारों की जानकारी देने और लोगों को जागरूक करने के उदेश्य से आज कार्यालय ग्राम पंचायत शोघी में क्षेत्र की 5 पंचायतों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में तहसीलदार शिमला ग्रामीण संजीव गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संजीव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 पंचायतों जिनमें शोघी, थड़ी, जलैल, आनंदपुर और कोट शामिल हैं, से संबंधित अधिकारों की जानकारी देने के दृष्टिगत तथा वन अधिकार समितियों के समक्ष अपने-अपने व्यक्तिगत और सामुदायिक दावे प्रस्तुत करने हेतु यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

## राष्ट्रीय जुड़ो प्रतियोगिता में डीएवी के सार्थक ने जीता स्वर्ण पदक

**राजन पुरी**

**ऊना।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊना के छात्र सार्थक ने 69वीं स्कूली राष्ट्रीय जुडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा कर जिला ऊना का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता दिगी के त्यागराज स्टेडियम में हुई। इसमें सार्थक ने फाईट के पांच मुकाबले खेले, जिसमें दिगी सहित सभी को धूल चटाई। फाईनल में सार्थक ने महाराष्ट्र को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। सार्थक पहले भी स्कूली प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत चुका है। सार्थक ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कोच कुलदीप शर्मा और उनके मार्गदर्शन को दिया।

# तिजोरी जनता के लिए बंद, मित्रों के लिए खुली : राजेंद्र सिंह राणा



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रमुख प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राणा ने आज प्रेस बयान जारी करते हुए कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान को लेकर राज्य सरकार का लगातार शोर पूरी तरह भ्रामक, तथ्यहीन और राजनीतिक है, जबकि यह पहले से ही स्पष्ट रूप से अधिसूचित था कि 16वें वित्त आयोग के निर्णय के बाद यह अनुदान चरणबद्ध तरीके से समाप्त हो जाएगा।

राणा ने कहा कि यह जानकारी मुख्यमंत्री और उनके पूरे प्रशासनिक तंत्र को पहले से थी, फिर भी राज्य को वित्तीय अनुशासन में लाने के बजाय मनमाने खर्चों की नीति अपनाई गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब प्रदेश की महिलाएं आज भी 1500 रुपये मासिक सम्मान राशि का इंतजार कर रही हैं, उसी समय मुख्यमंत्री के करीबी लोगों के मानदेय को 3,000 रुपये से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये प्रति माह तक पहुंचा दिया गया, जो हिमाचल के इतिहास का सबसे बड़ा वित्तीय घोटाला जैसा निर्णय है और करदाताओं के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने कार्यकाल में 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज लेकर प्रदेश के हर नागरिक पर लगभग दो लाख रुपये का अतिरिक्त बोझ डाल दिया है।

राणा ने यह भी कहा कि हिमाचल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब राज्य की तिजोरी आम जनता और अधिकांश ठेकेदारों के लिए बंद हो गई है, जबकि मुख्यमंत्री के निकट ठेकेदारों के लिए भुगतान चंद पलों में हो जाता है। इसके कारण राज्य पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारी खड़ी हो चुकी है।

## भाजपा के सांसदों में रीढ़ की हड्डी नहीं

**राजन पुरी**

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश को मिलने वाली रिवेन्यू डिफिसिट ग्रांट (आरडीजी) समाप्त किए जाने के फैसले ने प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में नई बहस छेड़ दी है। इसी कड़ी में बुधवार को ऊना प्रवास पर पहुंचे लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इस मुद्दे को केवल राजनीतिक दलों तक सीमित न बताते हुए पूरे हिमाचल के हित से जुड़ा मामला करार दिया।

मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री विक्रमादित्य ने कहा कि आरडीजी समाप्त किए जाने का मामला किसी एक राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे हिमाचल प्रदेश और यहां के लोगों के भविष्य से जुड़ा हुआ गंभीर विषय है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे छोटे और पहाड़ी रा%य सीमित संसाधनों पर निर्भर होते हैं और केंद्र सरकार से मिलने वाली सहायता उनके लिए जीवनरेखा की तरह होती है। रिवेन्यू डिफिसिट ग्रांट समाप्त होने से प्रदेश को हजारों करोड़ रुपये का सीधा नुकसान हो रहा है। पहाड़ी रा%यों में विकास कार्यों की लागत मैदानी रा%यों की तुलना में कहीं अधिक होती है, ऐसे में केंद्र द्वारा इस तरह की सहायता खत्म करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# केंद्रीय योजनाओं में प्रदेश से पैसा मांगना अनुचित : मुकेश अग्निहोत्री



**राजन पुरी**

**ऊना।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भारतीय जनता पार्टी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। बुधवार को ऊना में मीडिया से बातचीत करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं में सामान्यतः केवल केंद्र का ही धन खर्च किया जाता है, लेकिन अब इन योजनाओं के लिए प्रदेश सरकार से बजट प्रावधान करने की मांग की जा रही है, जो पूरी तरह से अनुचित है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे और एयरपोर्ट जैसी बड़ी परियोजनाएं केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। वर्तमान में प्रदेश सरकार गग्गल हवाई अड्डे के विस्तार का कार्य कर रही है, लेकिन यह राज्य सरकार ही जानती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद किस प्रकार इस परियोजना को आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पहले ही आर्थिक दबाव में है और ऐसे में अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार के बजट का हवाला देते हुए कहा कि इसमें गुजरात के लिए तीन नए एयरपोर्ट घोषित किए गए हैं, जबकि पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश के लिए कोई ठोस घोषणा नहीं की गई।

उन्होंने सवाल उठाया कि केंद्र को इस ओर ध्यान देना चाहिए था कि कम से कम गग्गल एयरपोर्ट को नया स्वरूप दिया जाए या मंडी और कुल्लू में हवाई अड्डों का विस्तार किया जाए।

रेलवे परियोजनाओं पर बोलते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर रेलवे लाइन के लिए हिमाचल प्रदेश पहले ही पर्याप्त धन उपलब्ध करा चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब एक बार फिर हिमाचल प्रदेश से बजट की मांग की जा रही है, यह बिल्कुल अनुचित है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से बहुत ज्यादा पीछे चुके हिमाचल प्रदेश की पूरी मदद इस वक्त केंद्र को करनी चाहिए। चाहे रेलवे के परियोजना हो या फिर हवाई अड्डे की इसमें पूरे का पूरा पैसा केंद्र सरकार को लगाना चाहिए।

# किसानों की चिंता का कारण बन रहा अमेरिका से कृषि समझौता : डॉ. दिनेश

**हामिद खान**

**चंबा।** अमेरिका के साथ किए गए कृषि व्यापार समझौते को लेकर किसानों में गहरी चिंता व्याप्त हो गई है। टैरिफ घटाने के बाद अमेरिका की ओर से यह बयान आना कि अब अमेरिकी किसानों के उत्पाद भारत के बाजार में शून्य आयात शुल्क पर उपलब्ध होंगे, देश के किसानों के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। यह बात हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर एवं हिमाचल किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने जारी बयान में कही।

डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि यह समझ से परे है कि भारत सरकार ने कृषि क्षेत्र में किस प्रकार का समझौता किया है और क्या इसमें देश के किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चंबा जैसे दूरवर्ती एवं पिछड़े जिले का किसान पहले से ही कृषि की मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां की खेती आज भी मौसम और वर्षा पर निर्भर है और किसान केवल अपने जीवन-यापन के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसे में अमेरिका जैसे उन्नत देश के किसानों के उत्पादों से प्रतिस्पर्धा करना यहां के किसानों के लिए असंभव होगा। हालात इतने खराब हो सकते हैं कि किसान को अपने कृषि उत्पादों के बीज तक का मूल्य भी नहीं मिल पाएगा।

डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि बागवानों के बाद अब किसानों को आर्थिक रूप से कमजोर करने की दिशा में केंद्र सरकार का यह कदम दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसका किसान कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी।

उन्होंने सेब बागवानी का उदाहरण देते हुए कहा कि केंद्र सरकार को सेब बागवानों के हित में विदेश से आयात होने वाले सेब पर शुल्क 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना चाहिए था, लेकिन इसके विपरीत आयात शुल्क घटाकर मात्र 20 प्रतिशत कर दिया गया। इसका सीधा नुकसान प्रदेश के सेब बागवानों को उठाना पड़ेगा।

## फोरलेन निर्माण कार्य से चलौंठी में प्रभावितों को तुरंत प्रदान करें राहत : अनुपम कश्यप

**चमन शर्मा**

**शिमला।** शिमला शहर के चलौंठी क्षेत्र में फोरलेन निर्माण कार्य से प्रभावित सड़क एवं घरों को लेकर उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त शिमला को उपमंडल दण्डाधिकारी शिमला (ग्रामीण) और राज्य भूवैज्ञानिक, हिमाचल प्रदेश, शिमला द्वारा चलौंठी के पास स्थित घरों के संबंध में प्रस्तुत क्षति मूल्यांकन रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट के अनुसार निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर शिफट कर दिया गया है। इसमें एक घर को न रहने योग्य घोषित किया गया है, दूसरे को अस्थायी रूप से असुरक्षित आंका गया है और शेष घर निगरानी में हैं। बैठक में सड़क बार-बार धंसने का मुद्दा बन गया है, जिससे जनता में अशांति और यातायात की भीड़ पैदा हो रही है।

उपायुक्त ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि को मुआवजे की स्थिति के बारे में अवगत कराने का निर्देश दिया। इसके जवाब में प्रतिनिधि ने सूचित किया कि जिला प्रशासन से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त हो गए हैं और उन्हें रियासतग्राही (कंसेसियनार) को भेज दिया गया है, जिन्होंने बाद में उन्हें बीमा कंपनी को जमा कर दिया है।

# थानाकलां में कैंसर दिवस, ग्रामीणों को किया जागरूक



**राजन पुरी**

**ऊना।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला ऊना की ओर से बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाकलां में जिला स्तरीय विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी गोपाल कृष्ण ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में कैंसर रोग के प्रति जागरूकता फैलाना है।

उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवन शैली अपना कर कैंसर रोगों से बचाव किया जा सकता है। कैंसर रोग का निदान अगर प्रारंभिक अवस्था में हो जाए, तो इसका उपचार संभव है। कैंसर के लक्षण जैसे न भरने वाला घाव, मुंह में या अन्य हिस्से में छाले, गले या अन्य जगह पर गांठ या सूजन, स्तन में गांठ या सूजन, खांसी या आवाज में बदलाव, शौच या पेशाब की आदतों में बदलाव, बदहजमी, वजन का घटना, बुखार का न उतरना इत्यादि हो सकते हैं। कैंसर से बचने के लिए धुम्रपान व शराब का सेवन न करना, मिर्च मसालों से परहेज करें, %यादा गर्म गर्म खाद्य पदार्थों का सेवन न करें, रंगदार मिठाई न खाएं। इस अवसर पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक यशवंत, ललिता, आशा समन्वयक सुनील कुमार, स्वास्थ्य कार्यकर्ता विक्रमा, रणधीर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स केवल एक संस्था नहीं, बल्कि संस्कार और सेवा की एक अविरल धारा : रोहित

बैठक

शिक्षा मंत्री ने की भारत स्काउट एंड गाइड की राज्य परिषद की बैठक की अध्यक्षता



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** भारत स्काउट एंड गाइड की राज्य परिषद की बैठक आज शिक्षा मंत्री एवं उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में रिवालसर स्थित राज्य प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित की गई। रोहित ठाकुर ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स केवल एक संस्था नहीं, बल्कि संस्कार और सेवा की एक अविरल धारा है। हिमाचल प्रदेश में यह संस्था बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ कर रही है। उनके बौद्धिक और सामाजिक कौशल को भी निखार रही है। सबसे महत्वपूर्ण, उनके आध्यात्मिक विकास में मदद कर उन्हें स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक उत्तरदायी नागरिक बना रही है। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी धर्मस्थली रिवालसर में स्थित राज्य प्रशिक्षण केंद्र 'स्टेट आफ द आर्ट' संस्थान के रूप में स्थापित हो चुका है। इस केंद्र में आधारभूत ढांचे को और सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण केंद्र के नवीनीकरण और अन्य निर्माण कार्यों पर लगभग दो करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक की राशि व्यय की गई है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को दी जाने वाली 'ग्रांट-इन-एड' में उचित वृद्धि पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया, ताकि संस्था की गतिविधियां बिना किसी बाधा के निरंतर चलती रहें। बैठक में हाल ही में हुई कार्यकारी समिति की बैठकों के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई।

# नारी सशक्तिकरण सामाजिक व राष्ट्रीय विकास की मजबूत नींव : अनुपम्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** नैना नर्सिंग कॉलेज में विकसित भारत और युवाओं की भूमिका , नारी शक्ति वंदन अधिनियम, नारी सशक्तिकरण पर संगोष्ठी व प्रतियोगिताओं का आयोजन
नागचला स्थित नैना नर्सिंग में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिला अधिकारों, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में पुष्पा ठाकुर समाजसेवी, श्यामा गौतम कुटुम्ब प्रबोधन , मातृ शक्ति आयाम प्रमुख एवं जसवंत यादव स्वदेशी जागरण मंच विशेष अतिथि रहे। अध्यक्षता कॉलेज चेयरमैन डॉ. नोबल शर्मा ने की। प्रिंसिपल प्रेम सिंह डोगरा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर प्रो-वीसी अनुपमा सिंह ने कहा कि नारी सशक्तिकरण सामाजिक व राष्ट्रीय विकास की मजबूत नींव है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2024 तथा विकसित भारत 2047 में महिलाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण, रंगोली, चार्ट व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर भाषण, रंगोली, चार्ट व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

# नदी किनारे फंसे सांभर हिरण का रेस्क्यू, वन्य जीव की देर रात मौत, पोस्टमार्टम के बाद प्रोटोकॉल के साथ अंतिम संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** मंडी जिले के बालीचौकी क्षेत्र में तीर्थन नदी से बीती शाम को रेस्क्यू किए गए सांभर हिरण की देर रात मौत हो गई। स्थानीय लोगों और वन विभाग की टीम ने मंगलवार शाम के वक्त कड़ी मशक्कत के बाद सांभर को नदी किनारे से रेस्क्यू किया था। मगर रेस्क्यू के पांच-छह घंटे बाद वन्य जीव की मौत हो गई। आज उसका पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। डीएफओ बंजार मनोज ने बताया कि मंगलबार को स्थानीय लोगों की सूचना के बाद सांभर को रेस्क्यू करने के लिए टीम मौके पर गई। सांभर, सुबह से ही नदी किनारे बैठा हुआ था और चलने में असमर्थ नजर आ रहा था। उसकी टांग में प्रॉब्लम लग रही थी। इसके बाद उसे ट्रैंक्विलाइज करके बंजार ले जाया गया, जहां पर वेटरनरी डॉक्टरों की टीम ने उसका उपचार किया। मगर वह बच नहीं पाया। डीएफओ ने बताया कि सांभर के शरीर



पर फिलहाल कोई गंभीर बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। इससे ऐसा लग रहा है मानो अत्यधिक डर और तनाव के कारण वह सर्वाइव नहीं कर पाया। उन्होंने बताया कि मौत के असल कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चल पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यदि शरीर पर चोट के निशान और शिकार के कोई संकेत मिले तो एफआईआर कराई जाएगी। इसके बाद सांभर का वाइल लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट में तय प्रोटोकॉल के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। सांभर के रेस्क्यू में कई विभागों ने एकजुटता दिखाई। डीएफओ बंजार, डीएफओ वाइल्ड लाइफ, ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के डीएफओ, वेटरनरी डॉक्टर और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर देर शाम तक सांभर को रेस्क्यू किया। इस दौरान रेस्क्यू दल नदी में उतर गया और सांभर को उठाकर बंजार पहुंचाया। देवभूमि पर्यावरण रक्षक मंच के अध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने बताया कि हाल के दिनों में अवैध शिकार की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मंडी के पास जंगल में शिकारियों द्वारा फांसे में फंसे एक काकड़ को स्थानीय लोगों ने बचाया

# जिला बिलासपुर की ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियां अंतिम रूप में प्रकाशित

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।**

जिला बिलासपुर की कुल 175 ग्राम पंचायतों में से 173 ग्राम पंचायतों, जिसमें पंचायत समिति सदर, घुमारवीं, झण्डुता, श्री नयना देवी जी तथा जिला परिषद बिलासपुर के सभी निर्वाचन क्षेत्र शामिल है की निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इन 173 ग्राम पंचायतों में कुल 3,13,888 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 1,57,692 पुरुष तथा 1,56,196 महिला मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में पंचायती राज संस्थाओं की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के अंतर्गत किया गया है।

# पेट्रोल पंप डीलर सोसाइटी हिमाचल प्रदेश ने एम्स बिलासपुर में लगाया सेवा लंगर

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** पेट्रोल पंप डीलर सोसाइटी हिमाचल प्रदेश ने समाज सेवा की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए आज एम्स बिलासपुर में लंगर सेवा का आयोजन किया। इस अवसर पर अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों, उनके तीमारदारों तथा चिकित्सकीय स्टाफ को सप्रेम भोजन वितरित किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष राहुल गौतम ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर व्यक्ति अपने कामों और जिम्मेदारियों में व्यस्त है, लेकिन इसके बावजूद हमें समय निकालकर समाज सेवा जैसे पुण्य कार्यों में अवश्य आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरों



की सेवा से शांति मिलती है और समाज में एक सही संदेश जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि समिति भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी। इस मौके पर महासचिव कुलभूषण मेहता, कैशियर संजीव वर्मा, मुख्य प्रवक्ता संदीप कुमार शर्मा, मीडिया प्रभारी आर्यन ठाकुर, कार्यालय सचिव सचिन पठानिया एवं मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य सलाहकार नरेश धीमान, भीम सिंह रांगड़ा, अधिवक्ता अशोक कुमार, हिम्मत सिंह, अमित कुमार शर्मा तथा बीडीटीएस के महासचिव सुरेश कुमार चौधरी ने भी सहभागिता की।

# जल शक्ति विभाग के कर्मीयों ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** जल शक्ति विभाग के कर्मचारी बलदेव कुमार, पैरा फीटर एवं नीतीश कुमार पैरा पम्प आपरेटर ने बुधवार को केलांग बाजार की मुख्य सड़क पर मिले 50,000 रुपये की नकद राशि को ईमानदारी का परिचय देते हुए तत्काल उप-मंडलाधिकारी (ना.) केलांग को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि यह राशि उन्हें केलांग बाजार में कार्य करते समय मुख्य सड़क पर पड़ी मिली थी। कुछ ही समय बाद हिमाचल प्रदेश राज्य सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के कार्यालय केलांग में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर पूनम देवी, जोकि कार्यालय में प्राप्त नकद राशि को बैंक में जमा करवाने जा रही थीं, घबराई हुई अवस्था में एसडीएम कार्यालय केलांग पहुंचीं और सूचित किया कि उनके 50,000 रुपये गुम हो गए हैं। आवश्यक जांच-पड़ताल एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरांत उपायुक्त लाहौल एवं स्पीति किरण भड़ाना की उपस्थिति में उक्त राशि पूनम देवी को सुरक्षित रूप से लौटा दी गई।
उपायुक्त लाहौल एवं स्पीति किरण भड़ाना ने जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों बलदेव कुमार और नीतीश कुमार की सराहनीय ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा उन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध शराब जब्त

टीम एक्शन इंडिया
**श्याम कुल्वी**



**कुल्लू।** जिला आबकारी अधिकारी कुल्लू मनोज डोगरा ने जानकारी दी कि आबकारी विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत भुंतर क्षेत्र में जियापुल के समीप एक वाहन को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से टुबर्ग बियर की 2 पेटियां , रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब की 2 पेटियां बरामद की गईं। इसके अतिरिक्त, दूसरे मामले में निरमंड क्षेत्र के ब्रो स्थित एक ढाबे से देसी शराब ऊना नं. 1 की 2 बोतलें एवं 350 मिश्र लीटर की एक लूज़ बोतल, रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब की 400 मिश्र लीटर की एक लूज़ बोतल बरामद की गई। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सारी अवैध शराब को मौके पर ही जब्त करते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 की धारा 39 के अंतर्गत मामले दर्ज किए गए हैं। जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है तथा भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने जनता से अपील की है कि अवैध गतिविधियों की सूचना विभाग को प्रदान कर सहयोग करें।

### लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह शीघ्र करेंगे जोगिंद्रनगर का दौरा : गुरु शरण परमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**



**जोगिंद्रनगर।** जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार ने हाल ही में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, जनसमस्याओं तथा विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों से मंत्री को अवगत करवाया। गुरु शरण परमार ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह से आग्रह किया कि वे शीघ्र जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करें, ताकि क्षेत्र की जमीनी हकीकत का स्वयं निरीक्षण कर आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा सके। मुलाकात के दौरान सड़क, पेयजल, शहरी विकास सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने गुरु शरण परमार को आश्वस्त किया कि जोगिंद्रनगर क्षेत्र के विकास कार्यों को गति दी जाएगी तथा जल्द ही क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय लोगों से सीधे संवाद किया जाएगा। गुरु शरण परमार ने कहा कि मंत्री के प्रस्तावित दौरे से क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी और लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगेगी।

### पैंशनर्ज वेलफेयर एसोशिएशन सदर व शहरी इकाई की बैठक सात को डियारा में: वर्मा

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सदर खंड बिलासपुर एवं शहरी इकाई बिलासपुर की संयुक्त बैठक शहर के डियारा सेक्टर में बाबा श्री विश्वकर्मा मंदिर में 7 फरवरी 2026 को सदर खंड प्रधान जय कृष्ण शर्मा की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव राम प्रकाश वर्मा ने कहा कि सदर खंड के अंतर्गत आने वाली सभी इकाईयां जिसमें पंजगाई, बैरी बरमाना, जुखाला, नम्होल, दयोथ, मलोखर, चांदपुर, कंदरौर, घागस व शहरी इकाई बिलासपुर है। उन्होंने सभी इकाइयों के प्रधान, सचिव तथा कार्यकारिणी के सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे इस बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### हटवाड़.ब्रामली सड़क मार्ग यातायात के लिए 27 फरवरी तक बंद

बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।

जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि घुमारवीं उपमण्डल के हटवाड़.ब्रामली सड़क मार्ग आवश्यक मुरम्मत कार्य के चलते सभी प्रकार के यातायात के लिए आगामी 27 फरवरीए 2026 तक बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि इस सड़क मार्ग पर अन्य को कोई वैकल्पिक मार्ग न होने के चलते इस सड़क मार्ग पर

# आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ती कुल्लू की महिलाएँ




**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश का कुल्लू जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ अब महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आत्मनिर्भरता की एक सशक्त पहचान बनता जा रहा है। भुंतर विकास खंड के गड़सा क्लस्टर अंतर्गत कार्यरत शिवशक्ति स्वयं सहायता समूह इस परिवर्तन की जीवंत मिसाल बनकर उभरा है, जहाँ सामूहिक प्रयास, पारंपरिक ज्ञान और सरकारी सहयोग ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाई है। भलान-एक पंचायत की 13 महिला सदस्यों से गठित यह समूह आज न केवल अपने परिवारों की आजीविका का मजबूत आधार बना है, बल्कि कुल्लू की पारंपरिक खान-पान एवं हस्तशिल्प संस्कृति को देश- विदेश से आने वाले पर्यटकों तक पहुँचाने का माध्यम भी बन रहा है। परंपरा को बनाया रोजगार का आधार शिवशक्ति स्वयं सहायता समूह ने स्थानीय संसाधनों और पीढ़ियों से चले आ रहे पारंपरिक ज्ञान को स्वरोजगार से जोड़ा है। समूह की महिलाएँ स्थानीय व प्राकृतिक सामग्री से पारंपरिक अचार, चटनियाँ, अन्य खाद्य उत्पादों के साथ-साथ कुल्लवी पट्टू और शाल का निर्माण कर रही हैं। इन उत्पादों में प्रयुक्त सामग्री औषधीय गुणों से भरपूर है, जिससे ये स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी हैं। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी सहायक सिद्ध हो रही है। सरकारी सहयोग से मिली नई उड़ान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं हिमाचल सरकार के सहयोग से समूह कोलगभग 8 लाख रुपये की आधुनिक फूड वैन उपलब्ध करवाई गई है। यह फूड वैन समूह की महिलाओं के लिए स्वरोजगार का एक प्रभावी साधन बनकर सामने आई है। इसके माध्यम से अब कुल्लू के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर शुद्ध, स्थानीय और पारंपरिक भोजन किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। पर्यटकों के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए भी कम दरों पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराकर समूह ने सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया है।

# मुख्यमंत्री 5 फरवरी को रहेंगे जिला प्रवास पर

बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 5 फरवरी को जिला बिलासपुर के प्रवास पर रहेंगे।
यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री 5 फरवरी को प्रात: 11 बजे घुमारवीं स्थित पीएम श्री राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के परिसर में 69वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स की अंडर.19 छात्रा हैंडबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री झण्डुता विधानसभा क्षेत्र के बरठीं बाजार में दोपहर 12:10 बजे विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगें।

# नेशनल गेम्स की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में एसआईवीटी की छात्राओं ने बिखेरे जलवे

सम्मानित

तकनीकि शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने सम्मानित की एसआईवीटी की बेटियां



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** जिला के घुमारवीं में चल रही 69वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स की अंडर.19 छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में बाहरी राज्यों से आए बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है ताकि एक राज्य की संस्कृति से दूसरे राज्यों के बच्चे रूबरू हो सकें। इसी कड़ी के तहत तीसरी सांस्कृतिक संध्या में आईटी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही शिवम इंस्टीच्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर (एसआईवीटी) की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अमिट छाप छोड़ी। एसआईवीटी के मुख्य सलाहकार सुरेश शर्मा ने बताया कि इस संध्या में एसआईवीटी घुमारवीं मुख्य शाखा व सी-डैक की छात्राओं ने हिमाचली परिवेश में करीब पांच राज्यों की लोक संस्कृति को मंच पर प्रस्तुत कर देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया।

# शिवरात्रि महोत्सव में वाद्य यंत्रों की गूंज

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** मंडी शिवरात्रि के दौरान आने वाले जनपद के लोक देवताओं के रथों की बनावट अलग है तो उसी तरह ही देवताओं के साथ चलने वाले बजंतरियों के वाद्य यंत्रों से निकलने वाली ध्वनियाँ भी अलग-अलग हैं। वाद्य यंत्रों की धुन से ही इस बात का पता चल जाता है कि देवता किस क्षेत्र से संबंधित है। जैसे सराज, उत्तर साल और चौहरघाटी के देवताओं के वाद्य यंत्रों की ध्वनियों में विविधता के बावजूद कुछ हद तक समानता भी है। इसमें लोक नृत्य के दौरान बजाई जाने वाली लोक धुनों का समावेश बजंतरियों द्वारा किया जाता है जबकि इसके विपरीत बल्ह घाटी के देवी-



देवताओं के साथ बजाए जाने वाले वाद्य यंत्रों की लय में जोश और एकरूपता झलकती है। इसमें बजंतरी एक ही लय पर देर तक बजाते हैं। वहीं पर जनपद के बड़ादेव कमरुनाग जी के वाद्ययंत्रों की धुन सबसे अलग है, जिनके आने पर कोई दूर से ही सुनकर बता सकता है कि बड़ादेव कमरुनाग जी का आगमन हो रहा है। वाद्य यंत्रों के बजने का भी एक खास क्रम होता है। वहीं पर क्षेत्र विशेष में अलग-अलग धुनें बजाई जाती है। मंडी जिला की बल्ह घाटी के देवी-देवताओं के वाद्य यंत्रों की धुन में जोश भरा नाद होता है। तो सराज, सनोर-बदार चौहार घाटी के देव वाद्यों की धुनों में संगीत की लय और नृत्य की थिरकन सी होती है...
जिसकी धुन पर देवलु और देवता झूमते नाचते हैं। बल्हघाटी के देवी देवताओं को छोड़ कर अन्य घाटियों के देवी-देवता ढोल-नगाड़ों को धुन पर झूमते हैं। यह देवी देवताओं के लोक जीवन पर गहरे प्रभाव का असर है। जिससे पता चलता है कि पहाड़ के वासियों के लिए देवता किसी दूसरे लोक का वासी नहीं है। वह तो लोगों के बीच गांव में रहता है...
झूमता -नाचता और रूठता-मानता भी है। देव वाद्यों में देवध्वनि के रूप में सबसे पहले बाम जो एक विशाल ड्रम की तरह होता है, बजाई जाती है। इसके बाद शहनाई करनाल और रणसिंगा के साथ-साथ ढोल-नगाड़ों के समवेत स्वर उभरते हैं.

# नशे के खिलाफ जोगिंद्रनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, खुद्दर में दुकान से चरस की बरामद, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर।** जोगिन्दर नगर पुलिस में नशे के ख़िलाफ़ बड़ी कार्रवाई करते हुए , धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुनीश कुमार (उम्र 42 वर्ष) पुत्र साईं दास, निवासी गांव खुद्दार , डाकघर बस्सी, तहसील जोगिंदर नगर, जिला मंडी के विरुद्ध दर्ज किया गया है। ए एस आई कुलतार सिंह मामले की जाँच कर रहे हैं 3 फ़रवरी को लगभग 5:10 बजे सायं, जब ASI कुलतार सिंह पुलिस स्टाफ के साथ खुदर क्षेत्र में गश्त पर थे, तो एक विश्वसनीय



सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त आरोपी अपनी दुकान 'भभौरी जनरल स्टोर, खुदर' से चरस की अवैध बिक्री कर रहा है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसएचओ सकीनी कपूर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी की दुकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 362 ग्राम चरस बरामद की गई।
बरामदगी के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई तथा मामले की आगे की जांच जारी है। जोगिंद्नगर पुलिस नशे के विरुद्ध शून्य सहनशीलता नीति पर दृढ़ता से कार्य कर रही है। आम नागरिकों से अपील है कि नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना पुलिस को दें। नशा परिवार, समाज और भविष्य को नष्ट करता है—आइए, मिलकर इसे समाप्त करें।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थी 15 फरवरी 2026 से पूर्व ई-केवाईसी सत्यापन कराएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा निर्णय लिया गया था कि प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों का ऑनलाइन माध्यम से ई-केवाईसी सत्यापन सुनिश्चित करने लिए एक मोबाइल ऐप तैयार किया जाए ताकि सभी पात्र पेंशनरों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन सुचारू रूप से उनके बैंक/डाकघर के बचत खातों में वितरित की जा सके। विभाग द्वारा सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों का सत्यापन (ई-केवाईसी) युद्ध स्तर पर जिला कल्याण अधिकारी व तहसील कल्याण अधिकारी माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से जुलाई 2025 में आरम्भ किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत सभी लाभार्थियों का ई-केवाईसी सत्यापन पूरा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गयी थी। जिन पेंशन धारकों ने निर्धारित अवधि में अपना ई-केवाईसी सत्यापन नहीं करवाया है, उनकी पेंशन विभाग द्वारा अस्थायी तौर पर रोक दी गई है। उन्होंने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों से अपील की है

# जल शक्ति विभाग के कर्मीयों ने पेश की ईमानदारी की मिसाल: केलांग बाजार में मिली 50 हजार की राशि सुरक्षित लौटाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरेन्द्र अंगारिया**

**केलांग।** जल शक्ति विभाग के कर्मचारी बलदेव कुमार, पैरा फीटर एवं नीतीश कुमार पैरा पम्प आपरेटर ने बुधवार को केलांग बाजार की मुख्य सड़क पर मिले 50,000 रुपये की नकद राशि को ईमानदारी का परिचय देते हुए तत्काल उप-मंडलाधिकारी (ना.) केलांग को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि यह राशि उन्हें केलांग बाजार में कार्य करते समय मुख्य सड़क पर पड़ी मिली थी। कुछ ही समय बाद हिमाचल प्रदेश राज्य सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के कार्यालय केलांग में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर पूनम देवी, जोकि कार्यालय



में प्राप्त नकद राशि को बैंक में जमा करवाने जा रही थीं, घबराई हुई अवस्था में एसडीएम कार्यालय केलांग पहुंचीं और सूचित किया कि उनके 50,000 रुपये गुम हो गए हैं। आवश्यक जांच-पड़ताल एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरांत उपायुक्त लाहौल एवं स्पीति किरण भड़ाना की उपस्थिति में उक्त राशि पूनम देवी को सुरक्षित रूप से लौटा दी गई। उपायुक्त लाहौल एवं स्पीति किरण भड़ाना ने जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों बलदेव कुमार और नीतीश कुमार की सराहनीय ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा उन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं

# पंचायती राज चुनाव टालने के लिए सुप्रीम कोर्ट में SLP दायर करना कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का प्रमाण : रणधीर शर्मा

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** भाजपा नेता एवं विधायक रणधीर शर्मा ने हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव टालने के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई एसएलपी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रणधीर शर्मा ने कहा कि इस एसएलपी से यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस पार्टी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव करवाना ही नहीं चाहती और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का हर संभव प्रयास कर रही है। रणधीर शर्मा ने कहा कि हमारे संविधान में स्पष्ट व्यवस्था है कि चाहे पंचायती राज संस्थाएं हों, शहरी निकाय हों, विधानसभा हो या लोकसभा—हर संस्था के चुनाव पांच वर्षों के भीतर अनिवार्य रूप से करवाना लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। लेकिन वर्तमान सुक्खू सरकार शुरू से ही इन चुनावों को टालने की साजिश कर रही है। उन्होंने आरोप



लगाया कि कांग्रेस सरकार ने पहले चुनाव टालने के लिए संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग से टकराव लिया, आयोग के निर्देशों की पालना नहीं की, अधिसूचनाओं को नजरअंदाज किया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने का प्रयास किया। रणधीर शर्मा ने कहा कि जब एक जनहित याचिका पर माननीय उच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्णय दिया कि 30 अप्रैल 2026 तक पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव करवाए जाएं, तब भी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उस निर्णय पर टिप्पणी कर न्यायालय की अवमानना जैसा आचरण किया। अब सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर यह सरकार फिर चुनावों को टालने की कोशिश कर रही है। भाजपा विधायक ने कहा कि इससे साफ साबित होता है कि सुक्खू सरकार लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। इसका रवैया तानाशाहीपूर्ण है और यह सरकार पंचायती राज तथा शहरी निकाय चुनावों को टालने के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है। रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार तीन वर्षों में प्रदेश में कोई जनहित का कार्य नहीं कर पाई। न कोई विकास कार्य हुए, न कोई नई जनकल्याणकारी योजना शुरू हुई। उल्टा पिछली भाजपा सरकार के समय चल रहे विकास कार्य ठप कर दिए गए, खोले गए संस्थान बंद कर दिए गए और कई जनकल्याणकारी योजनाओं को समाप्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चुनावी वादे तो दूर, चुनावी गारंटियां तक पूरी नहीं कर पाई।

# घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान को मिली मजबूती, गांव-स्तर पर बनी संचालन समिति



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** नशे के खिलाफ चल रहे घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संस्कार सोसायटी घुमारवीं द्वारा 25 जनवरी को विभिन्न ग्राम पंचायतों में घर.घर जागरूकता अभियान चलाने के लिए संचालन समिति का गठन किया गया। यह समिति ग्राम पंचायत संड़यार, कोटलू ब्राह्मणा, कपाहड़ा, पलासला, करलोटी और पपलाह पंचायतों के जोन में अभियान का संचालन करेगी। संचालन समिति में संदेश शर्मा, प्रधान ग्राम पंचायत पलासला एवं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता को संयोजक नियुक्त किया गया है। जबकि हरपाल शर्मा (छत) हरिकृष्ण संड़यार, उषा शर्मा प्रधान ग्राम पंचायत करलोटी, प्रकाश धीमान कोटलू ब्राह्मणा, विनय कुमार पूर्व उपप्रधान कपाहड़ा तथा सुरेंद्र शर्मा कोटलू ब्राह्मणा को सह.संयोजक बनाया गया है। पंचायत संयोजक के रूप में देश राज शर्मा कोटलू ब्राह्मणा, जसवंत सिंह संड़यार, राजेश शर्मा छत, ममता पलासला, राकेश पटियाल करलोटी और धर्मपाल ठाकुर कपाहड़ा, को जिम्मेदारी सौंपी

# घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए व्यय होंगे 200 करोड़: राजेश धर्माणी

**पूजन**

– बम्म में बन रहे 33 केवी सब स्टेशन का मंत्री राजेश धर्माणी ने किया भूमि पूजन



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगभग 200 करोड़ रूपए की विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। यह जानकारी तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने ग्राम पंचायत बम्म के अंतर्गत कोटलु बणी.पंडता में लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 33,11 केवी विद्युत सब स्टेशन के भूमि पूजन के उपरांत एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए दी। राजेश धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 24 घण्टे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 33,11 केवी के पांच नए सब स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इससे क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही लो.वोल्टेज, ओवरलोडिंग तथा बार.बार बिजली कट जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर का पहला 132 केवी सब स्टेशन घुमारवीं क्षेत्र के करयालग में शीघ्र ही स्थापित किया जाएगा, जिस पर लगभग 70 करोड़ रूपए व्यय किए जाएंगे। इस सब स्टेशन के बन जाने से कांगू से आपूर्ति की जा रही बिजली पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी और क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने बताया कि घुमारवीं शहर के लिए 33 केवी का एक नया सब स्टेशन प्रस्तावित है, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है और इसे लगभग 13 करोड़ रूपए की लागत से स्थापित किया जाएगा।

# चौहार घाटी के धमच्याण और बड़ी बजगाण क्लस्टर में पौधारोपण अभियान एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

मंडी। बागवानी विभाग द्वारा संचालित एचपी शिवा परियोजना के अंतर्गत विकास खंड द्रंग की चौहार घाटी के धमच्याण और बड़ी बजगाण क्लस्टरों में पौधरोपण अभियान एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप-निदेशक बागवानी मंडी, डॉ. संजय गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जापानी फल से बदलेगी बागवानों की तकदीर*
शिविर के दौरान डॉ. संजय गुप्ता ने बागवानों को जापानी फल की खेती के महत्व और इसके दूरगामी वित्तीय लाभों के बारे में विस्तार से जागरूक किया। उन्होंने कहा कि परसिमन न केवल औषधीय गुणों से भरपूर है, बल्कि आने वाले समय में यह क्षेत्र के किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ करने में मील पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को परसिमन के पौधों को वैज्ञानिक विधि से लगाने का व्यावहारिक प्रदर्शन भी दिया गया। डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने दो माह पूर्व इस कार्य

# हरिपुरधार के भलाड़ भलोना की वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता शुरु

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** सिरमौर जिला के हरिपुरधार महल क्षेत्र की ग्राम पंचायत भलाड़ भलोना की वार्षिक क्रिकेट प्रतियोगिता आज शुरू हो गई। शिरपुर क्रिकेट क्लब मलाड द्वारा आयोजित इस वार्षिक प्रतियोगिता का उद्घाटन सिरमौर जिला भाजपा महामंत्री रणवीर ठाकुर ने किया । इस अवसर पर रणबीर ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और क्रीडा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने का



अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आज समाज में युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आ रही है और इस प्रकार की ग्रामीण खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे की चपेट से बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । उन्होंने कहा कि युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं बहुत महत्वपूर्ण साबित होती है और इन्हीं ग्रामीण प्रतियोगिताओं से गांव में छिपे खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। इस अवसर पर जिला भाजपा महासचिव रणवीर ठाकुर के साथ सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता सर्व श्री मेलाराम शर्मा और प्रताप रावत, आदि।

# जिला प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने मंत्री राजेश धर्माणी से की मुलाकात

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।**
जिला प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह, घुमारवीं में आयोजित की गई। बैठक में जिला भर के निजी विद्यालयों के एसोसिएशन सदस्यों एवं स्कूल चेयरपर्सन ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान निजी विद्यालयों को आ रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं एवं कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इनमें स्कूल प्रबंधन से जुड़े मुद्देए विद्यार्थियों से संबंधित समस्याएं तथा शिक्षा बोर्ड से जुड़े

## संक्षिप्त खबरें

### सब्जी बीज उत्पादन पर उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** 'सतत उत्पादकता हेतु सब्जी बीज उत्पादन' विषय पर 10 दिवसीय उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के सब्जी विज्ञान विभाग के अंतर्गत संचालित उन्नत संकाय प्रशिक्षण केंद्र (सब्जियां) में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के संस्थानों से चयनित 14 वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं।
प्रतिभागी आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल एवं तेलंगाना राज्यों से हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. मनीष कुमार, अधिष्ठाता, औद्यानिकी महाविद्यालय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सब्जी बीज उत्पादन के क्षेत्र में वैज्ञानिकों की व्यावसायिक दक्षताओं को सुदृढ़ करना है। प्रशिक्षण के दौरान कुकुरबिट्स, मटर एवं बीन में बीज उत्पादन; कोल फसलों में संकर विकास हेतु सीएमएस लाइनों का उपयोग; अदरक एवं हल्दी में रोपण सामग्री उत्पादन; पर्यावरण-अनुकूल बीज उत्पादन तकनीकें; बीज गुणवत्ता संवर्धन; तथा कीट-रोगों का समन्वित प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया जाएगा। व्यावहारिक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में क्षेत्रीय एवं प्रयोगशाला भ्रमण कराया जाएगा। इसके अंतर्गत औद्यानिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र तथा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), कंडाघाट, के साथ-साथ सप्रून घाटी के प्रगतिशील किसानों से संवाद भी शामिल है।

### ग्राम सभाओं की निर्वाचक नामावली अंतिम रूप से प्रकाशित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन द्वारा ज़िला की 243 ग्राम सभाओं में से 218 ग्राम सभाओं को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 03 फरवरी, 2026 को कर दिया गया है। यह जानकारी ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 21 (1) के अंतर्गत किया गया है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रथम अक्तूबर, 2025 की अर्हता तिथि के अनुसार निर्वाचन नामावली के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम जारी किया गया था। इसके अनुसार ज़िला सोलन की 239 ग्राम सभाओं के निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन 06 अक्तूबर, 2025 को किया गया था। इसी तिथि के अनुसार आमजन से दावे व आक्षेप भी आमंत्रित किए गए थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि इन दावों एवं आक्षेपों का निपटारा करने के उपरांत ज़िला की 243 ग्राम सभाओं में से 218 ग्राम सभाओं की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड कुनिहार की 56 ग्राम सभाओं में से 49 ग्राम सभाओं की निर्वाचक नामावली का प्रकाशन अंतिम रूप से किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा हाटकोट के पूर्ण रूप से नगर पंचायत में सम्मिलित होने, ग्राम सभा शहरोल, बड़ोग, हनुमान बड़ोग व दाडला ग्राम सभाओं का पुनर्गठन तथा ग्राम सभा कुनिहार व कोठी का नगर पंचायत गठन के दृष्टिगत निर्वाचक नामावली प्रकाशन नहीं किया गया है।

# स्कोडा कायलेक ने एक वर्ष में 50000 बिक्री का आंकड़ा किया पार




टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी।** 20250में अब तक का सबसे सफल बिक्री वर्ष दर्ज करने और नई कायलेक लॉन्च करने के बाद स्कोडा ऑटो इंडिया अपने बढ़ते प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रही है।ब्रांड ने अपनी बेस्ट सेलिंग कार कायलेक के वेरिएंट्स बढ़ाकर भारतीय सड़कों पर यूरोपीय तकनीक को और अधिक सुलभ बनाने की अपनी रणनीति को आगे बढ़ाया है जिससे ग्राहकों को ज्यादा विकल्प और बेहतर वैल्यू मिलती है।कायलेक भारत में स्कोडा ऑटो की ग्रोथ स्टोरी का एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरी है। लॉन्च के बाद से 50000 से अधिक यूनिट्स की बिक्री के साथ कायलेक ने ब्रांड के भारत में 25वें वर्ष में स्कोडा ऑटो इंडिया के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बिक्री प्रदर्शन में अहम योगदान दिया है।
कायलेक में सुरक्षा,ड्राइविंग डायनेमिक्स,तकनीक और वैल्यू का मेल ग्राहकों को बेहद पसंद आया है जिससे यह सब 4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में एक मजबूत दावेदार बन गई है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा कायलेक भारत के प्रति हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है और इसने हमें बाजार के सबसे प्रतिस्पर्धी सेगमेंट में प्रवेश करने का अवसर दिया।50000 बिक्री का आंकड़ा पार करना वास्तव में खुशनुमा है और स्कोडा ब्रांड पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। इस गति को बनाए रखने के लिए हम ग्राहक केंद्रित सुधारों के साथ कायलेक लाइन अप का विस्तार कर रहे हैं साथ ही इसे अपने सेगमेंट में वास्तविक ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ सबसे सुलभ वाहन बना रहे हैं।ये अपग्रेड्स उन फीचर्स को भी सभी वेरिएंट्स में सुलभ बनाते हैं
जो आज के ग्राहकों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं।एक व्यापक और सुव्यवस्थित रेंज के साथ और इस वर्ष के अंत में आने वाले और रोमांचक अपडेट्स के साथ कायलेक भारतीय सड़कों के लिए यूरोपीय तकनीक,मजबूत वैल्यू और शानदार ड्राइविंग अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# ह्दयघात से जेबीटी अमर सिंह का निधन

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री



**मंडी।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने एक कर्मठ व जुझारू शिक्षक को खो दिया है। मंडी के शिक्षा खंड गोपालपुर-2 की राजकीय प्राथमिक पाठशाला धनालग में कार्यरत जेबीटी अध्यापक अमर सिंह का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। अमर सिंह एक साधारण व्यक्तित्व एवं कर्मठ अध्यापक थे व अपने पीछे 17 वर्षीय बेटा , पत्नी और बूढ़ी मां छोड़ गए। उन्होंने बैच 2006-08 में जेबीटी अध्यापक के रूप में प्रशिक्षण हासिल किया और उन्होंने अपने 17 वर्षों के अध्यापन काल में हजारों नौनिहालों में शिक्षा की अलख जगाई। अमर सिंह अध्यापक के साथ-साथ एक सक्रिय कर्मचारी नेता भी थे और उन्होंने हिमाचल प्रदेश न्यू पेंशन स्कीम एसोसिशन के साथ काम कर पुरानी पेंशन बहाली के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्व में प्राथमिक शिक्षक संघ गोपालपुर-2 में महालेखाकार के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ मंडी के जिलाध्यक्ष बाबू राम कौंडल, महासचिव अतुल लखनपाल, शिक्षा खंड द्रंग-1 के अध्यक्ष बलवीर ठाकुर, महासचिव सुरेंद्र ठाकुर व चौंतड़ा-1 के अध्यक्ष कपिल राव सहित अन्य पदाधिकारियों ने अमर सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और भगवान से दुख सहन करने की कामना की है।

# गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र में बदलते परिवेश में भी बुआरा प्रथा कायम

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** बदलते परिवेश के बावजूद भी गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र में बुआरा प्रथा की परंपरा आज भी कायम है। बुआरा का तात्पर्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेतीबाड़ी के कार्यों सहित मुसीबत में एक दूसरे की मदद करना हैं । बारिश होने के उपरांत इन दिनों किसान अपने खेत में गोबर ढोने सहित अन्य खेती के कार्यों में जुटे हुए हैं और खेतों में गोबर ढोने के लिए गांव के युवा अपना सहयोग अर्थात बुआरा कर रहे है जोकि सहकारिता का एक जीवंत उदाहरण माना जाता है । बुआरा अर्थात प्रथा से ही हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला के गांव पंजावर से सहकारिता आन्दोलन की नींव रखी गई



थी जिसका अनुसरण देश के सभी राज्यों द्वारा किया गया है । गौर रहे कि अतीत से ही ग्रामीण क्षेत्रों में एक दूसरे की मदद करने की सकारात्मक भावना होती थी । गांव में धार्मिक व समाजिक कार्यों में तो लोग बढ़चढ़ कर अहम भूमिका निभाते ही हैं परंतु व्यक्तिगत तौर पर यदि कोई व्यक्ति खेती बाड़ी के कार्य में पिछड़ जाए तो गांव के सभी लोक मिलकर सहायता करते हैं ।
वरिष्ठ नागरिक एवं साहित्यकार शेरजंग चौहान, रणजीत सिंह तोमर, लेखराम कश्यप सहित अनेक लोगों ने बताया कि भौतिकवाद और आधुनिकता की दौड़ में बुआरा प्रथा का प्रचलन काफी कम होने लगा है

# केंद्रीय बजट विकसित भारत-2047 की दिशा में निर्णायक कदम: संजय

धर्मशाला। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केंद्रीय बजट को प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में ठोस पहल बताया है। धर्मशाला में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों के समग्र कल्याण पर केंद्रित है और आर्थिक मजबूती के साथ देश को आगे बढ़ाने का स्पष्ट विजन प्रस्तुत करता है। संजय शर्मा ने कहा कि बजट में करीब 7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर का लक्ष्य रखा गया है, जो भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेवेन्यू डिफिसिट ग्रांट केंद्र सरकार की बाध्यता नहीं है। 15वें वित्त आयोग के कार्यकाल के दौरान ही सभी राज्यों को सूचित कर दिया गया था कि यह ग्रांट चरणबद्ध तरीके से समाप्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार और प्रशासन इस तथ्य से पहले से अवगत थे, इसके बावजूद अब इसे राजनीतिक मुद्दा बनाया जा रहा है।

HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
E-Procurement Notice
"NOTICE INVITING TENDERS"

The Executive Engineer, Una Division HPPWD Una H.P. on behalf of Governor of H.P. invites the online bids on percentage rate, in electronic tendering system, in 2 cover system for the under mentioned works from the eligible and approved contractors/ Firms registered with HPPWD Department.

| Sr. No. | Name of work | Estimated cost | Staring date of Downloading bid | Earnest Money | Cost of tender (in Rs) | Deadline for submission of bid | Time Limit | Eligible class of contractor. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Construction of 4 No. Type-III quarters for Police department at Lalsingi Tehsil & Distt. Una (HP) (SH:- Construction of Building portion) (Balance work) | 19,75,024/- | 13.02.2026 (10.00 AM) | 40,000/- | 500/- | 20/02/2026 up to 10.00 A.M. | Three month | Class-D & C |
| 2 | Restoration of rain damages on link road to village Upper Arniala via Bazigar Mohalla Tehsil & Distt. Una (SH: P/F CC interlocking paver block at RD.1/100 to 1/775) (under PDNA Deposit) | 33,49,787/- | 13.02.2026 (10.00 AM) | 67000/- | 2000/- | 20/02/2026 up to 10.00 A.M. | Two months | Class-D & C |
| 3 | Restoration of rain damages to path near House of Ram Pal and Dharm Pal Ward No.4 Una , Restoration of rain damages to Path near House of Banwari Lal etc. near Chanderlok colony and Restoration of rain damages to path near house of Jaswant and Jagdish etc. ward No.2 Una(SH: C/O Edge wall and P/F CC interlocking paver (under PDNA Deposit) | 5,36,952/- | 13.02.2026 (10.00 AM) | 11000/- | 350/- | 20/02/2026 up to 10.00 A.M. | Two months | Class-D & C |
| 4 | Restoration of rain damages on link road to Harijan Basti village Upper Arniala via Dhesi Mohalla village road Tehsil & Distt.Una (SH: P/F CC interlocking paver blocks and R/wall ) (under PDNA Deposit) | 11,72,907/- | 13.02.2026 (10.00 AM) | 23500/- | 500/- | 20/02/2026 up to 10.00 A.M. | Two months | Class-D & C |
| 5 | Repair of restoration of rain damages of internal road from H/O Sh. Rakesh Khanna to H/O Sh. Ritesh Dubey Green Avenue colony Rakkar Tehsil &Distt.Una (SH: P/L interlocking paver at RD.0/0 to 0/062)(Deposit work) | 2,11,679/- | 13.02.2026 (10.00 AM) | 4300/- | 350/- | 20/02/2026 up to 10.00 A.M. | One month | Class-D & C |
| 6 | Construction of 1No.Type-IV residence at Police Line Una for Additional S.P Una Tehsil & Distt. Una (HP) (SH: Building portion, WS& SI, Rain water Harvesting, septic Tank , site development & Boundary wall etc)(Deposit work) | 48,00,311/- | 13.02.2026 (10.00 AM) | 97000/- | | 20/02/2026 up to 10.00 A.M. | One year | Class-D & C |
| 7 | A/R & M/O Non residential building at Una (SH: Repair of roofing of HP.PWD., 15th Circle office building Una) | 2,18,723/- | 13.02.2026 (10.00 AM) | 4400/- | | 20/02/2026 up to 10.00 A.M. | One month | Class-D & C |

NOTE-The bidders are advised to note other details of tenders from the departmental website: www.hptenders.gov.in. The Date of Technical Bid opening 20.02.2026 at 11.00 A.M.

Executive Engineer
Una Division, HP: PWD, Una.
On behalf of Governor of H.P.

RO No. 6130/2025-2026

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल के छात्रों का डंका

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड में गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कक्षा नवीं की छात्रा महरीन तथा कक्षा दसवीं की छात्रा सिमरनजीत कौर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कक्षा नौवीं की छात्रा प्रगति ने रजत पदक अपने नाम किया है। हिंदी भाषा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आयोजित था। इस ओलंपियाड में दुनिया के 30 से अधिक देशों के स्कूलों ने अपनी सहभागिता दर्ज की है। 8,000 से भी अधिक विद्यालयों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।
यह एकमात्र ऐसा हिंदी ओलंपियाड है जिसे विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा आधिकारिक अनुमोदन प्राप्त है। इस विशाल स्तर पर छात्रों द्वारा स्वर्ण पदक तथा रजत पदक जीत पाना एक सामान्य बात नहीं है। विद्यालय के डायरेक्टर गुरजीत सिंह सैनी तथा प्रधानाचार्य गुरविंदर कौर चावला ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पांवटा साहिब में सरकारी टार्क तोड़फोड़ और चोरी मामले में दो गिरफ्तार

एसपी जैरथ

नाहन। नगर परिषद क्षेत्र में स्थित एक पार्क की चारदीवारी, रास्ता और टिन शेड को नुकसान पहुंचाने की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। शिकायत के आधार पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और चोरी का मामला दर्ज किया गया था। ऐ जांच के दौरान यह पाया गया कि भूमि से जुड़े विवाद के बाद आरोपियों ने बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के पार्क क्षेत्र में तोड़फोड़ की योजना बनाई। घटना को अंजाम देने के लिए मशीनरी का उपयोग किया गया और पार्क में लगा सामान भी हटा लिया गया।

# आजादी के 75 साल बाद भी नाहन पंचायत के कई गांव बेसिक सुविधाओं से वंचित : अनिल जोशी

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन ।** आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी नाहन पंचायत के कई गांव आज तक सड़क सुविधा से वंचित हैं। सड़क निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया पुरी होने के बावजूद काम शुरू नहीं हो पाया है। इससे नाराज ग्रामीण अब लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता से मिलने पहुंचे और जल्द काम शुरू करने की मांग



की। नाहन पंचायत के ग्रामीण अनिल जोशी ने बताया कि करीब 8 किलोमीटर लंबी सड़क का ाे वर्षों से अधर में लटका हुआ है। हैरानी की बात यह है कि सड़क का टेंडर हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक काम शुरू नहीं हो पाया। इस सड़क के बन जाने से क्षेत्र के 12 गांवों के करीब 5000 लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में हालात इतने खराब हो जाते हैं कि ग्रामीणों को पैदल चलकर लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। कई बार मरीजों को चारपाई पर उठाकर अस्पताल तक पहुंचना पड़ता है। लोगों ने बताया कि क्षेत्र के लोगों की दशौ ाकों पुरानी यह मांग है

# नाबार्ड द्वारा सिरमौर में वर्ष 2026-27 के लिए 4336.74 करोड़ रुपये की ऋण क्षमता निर्धारित

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन। सिरमौर जिला की आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन तथा आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने वर्ष 2026-27 के लिए 4336.74 करोड़ रुपये की ऋण क्षमता निर्धारित की है। उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने उपायुक्त कार्यालय में नाबार्ड की ओर से तैयार की गई जिला ऋण योजना का विमोचन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि यह ऋण योजना कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (स्र्स्स्ध) आवास, शिक्षा, सामाजिक संरचना तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण प्रवाह को दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि इस ऋण योजना के अंतर्गत कृषि एवं संबंधित गतिविधियों के लिए 1100.45 करोड रुपये तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए 2974.08 करोड़ तथा अन्य प्राथमिक क्षेत्रों के लिए 262.21 करोड़ रुपये की ऋण क्षमता निर्धारित की गई है। कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन, रखरखाव एवं विपणन हेतु 703.29 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त जल संसाधन विकास के लिए 25.93 करोड़, कृषि यंत्रीकरण हेतु 32.47 करोड़, बागवानी, पौधारोपण एवं सेरीकल्चर के लिए 41.33 करोड़ तथा बंजर एवं भूमि विकास के लिए 1.49 करोड़ रुपये की ऋण क्षमता तय की गई है। इस अवसर पर जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड विक्रमजीत सिंह ने कहा कि इस ऋण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए साधन विकसित होंगे, किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा स्थानीय स्तर पर उद्यमिता और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।
उपायुक्त ने संबंधित विभागों तथा बैंक प्रबंधकों को आपसी समन्वय से विशेष जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों, स्वयं सहायता समूहों, युवाओं एवं उद्यमियों विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा ऋण सुविधाओं की समुचित जानकारी उपलब्ध का सके।

# संपादकीय

## भारत ने फिर दिखाया सामर्थ्य

भारत और अमेरिका के मध्य अप्रैल 2025 से प्रारंभ हुआ टैरिफ वॉर अब समझौते के साथ समापन की ओर अग्रसर हो रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से भारत पर टैरिफ घटाने के ऐलान के साथ ही शेयर बाजार में उछल आया और निवेशकों के चेहरे खिल उठे। डॉलर के मुकाबले रुपए में भी मजबूती दिखी।

यूरोपियन यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते के बाद से अनुमान लगाया जा रहा था कि अमेरिका दबाव में आ गया है और उसे भारत की व्यापार चिंताओं का सम्मान करना ही पड़ेगा और अंततः ऐसा हुआ भी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे बात की। वह सबसे अच्छे दोस्तों में से एक हैं और अपने देश के शक्तिशाली नेता हैं। हमने एक नहीं कई मुद्दों पर बात की जिसमें व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना भी शामिल था। मोदी के लिए दोस्ती और उनके सम्मान के चलते और उनकी मांग पर तत्काल प्रभाव से हम अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसमें अमेरिका भारत पर लगाए गए टैरिफ को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत कर रहा है।

जैसे ही सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान आया, वैसे ही भारत में भी हलचल तीव्र हो गई। एनडीए संसदीय दल की बैठक में अमेरिका के साथ हो रहे समझौते पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने बहुत समय तक धैर्य रखा, जिसका परिणाम हम सभी के सामने है। अमेरिका की ओर से की गई इस घोषणा से दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच व्यापारिक तनाव को कम करने में सहायता मिलेगी।

भारत सर्वाधिक लाभ में: भारत और अमेरिका के बीच जो व्यापार समझौता हुआ है उसका सर्वाधिक लाभ भारत को मिलने जा रहा है।टैरिफ को लेकर ट्रंप की घोषणा के बाद भारत इस मामले में पड़ोसी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले अधिक लाभ में आ गया है। चीन और पाकिस्तान की तुलना में भारत पर अब कम टैरिफ है। इंडोनेशिया, बांग्लादेश और वियतनाम भारत से अधिक टैरिफ वाले देश बन चुके हैं। वर्तमान समय में बांग्लादेश और वियतनाम पर 20, मलेशिया, कंबोडिया, थाईलैंड और पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ लगा हुआ है। समाचार यह भी है कि अब भारत भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ और गैर टैरिफ बाधाओं को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा जा रहा है कि इसे संभावित रूप से शून्य तक ले जाया जा सकता है। यह भारत की वर्तमान व्यापार नीति में बाजार पहुंच के सबसे बड़े बदलावों में से एक है। जैसे ही भारत अमेरिकी उत्पादों के लिए अपने बाजार खोलेगा कई अमेरिकी वस्तुएं भारतीय उपभोक्ताओं के लिए काफी सस्ती हो जाएंगी। भारतीय बाजार में लैपटॉप, गैजेट्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की कीमतें कम हो सकती हैं। घरेलू उपकरणों की पहुंच आसान हो जाएगी।निर्यात के मोर्चे पर भी भारत को बहुत लाभ होने जा रहा है। अमेरिका से टैरिफ कम हो जाने के बाद हमारे टैक्सटाइल, आभूषण और रत्न निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# नई सुबह: मणिपुर में नई सरकार की वापसी



प्रो. आरके जैन

> राज्य में आज भी करीब 50 हजार लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं. प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार अब तक केवल 25 से 30 प्रतिशत विस्थापित परिवार ही स्थायी रूप से अपने घर लौट पाए हैं. घाटी और पहाड़ी इलाकों के बीच आवाजाही पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई है. कई इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती के बिना लोगों का आना-जाना संभव नहीं है. सबसे बड़ी चिंता अवैध हथियारों की है. अनुमान है कि हिंसा के दौरान हजारों हथियार लूटे गए या अवैध रूप से जमा किए गए, जिनमें से अब तक केवल एक हिस्सा ही वापस लिया जा सका है.



**करीब** एक साल तक राष्ट्रपति शासन में रहने के बाद मणिपुर में फिर से चुनी हुई सरकार बनने जा रही है और इस बार सत्ता की कमान युमनाम खेमचंद सिंह के हाथों में होगी. यह बदलाव सिर्फ एक प्रशासनिक फैसला नहीं है, बल्कि उस राज्य के लिए एक नई शुरूआत का संकेत है, जो मई 2023 से जातीय हिंसा, विस्थापन और अविश्वास के दौर से गुजर रहा है. मैतेई और कुकी समुदायों के बीच शुरू हुआ संघर्ष धीरे-धीरे इतना गहरा हो गया कि पूरा राज्य घाटी और पहाड़ के दो हिस्सों में बंटता दिखने लगा. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोगों की जान गई, 60 हजार से अधिक लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए और करीब 350 गांवों में सामान्य जीवन ठप हो गया. हजारों घर, स्कूल, चर्च और मंदिर जला दिए गए, जिससे सामाजिक ढांचा ही नहीं, आर्थिक गतिविधियां भी बुरी तरह प्रभावित हुईं.

हिंसा के चलते राज्य का प्रशासन लगभग पंगु हो गया था. राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवागमन बाधित हुआ, कई महीनों तक इंटरनेट बंद रहा और व्यापारिक गतिविधियां ठप पड़ गईं. अनुमान है कि इस संकट से मणिपुर की अर्थव्यवस्था को करीब 10 से 12 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ. पर्यटन उद्योग पूरी तरह रुक गया और छोटे व्यापारियों की आजीविका पर सीधा असर पड़ा. स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हुईं, क्योंकि कई जिलों में डॉक्टरों और दवाइयों की आपूर्ति बाधित रही. शिक्षा का हाल यह रहा कि हजारों बच्चों की पढ़ाई महीनों तक बंद रही और कई स्कूल राहत शिविरों में बदल दिए गए.

इसी हालात में तत्कालीन मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह पर कुकी समुदाय ने पक्षपात का आरोप लगाया. धीरे-धीरे बीजेपी के भीतर भी असंतोष बढ़ा. अक्टूबर 2024 में पार्टी के करीब डेढ़ दर्जन विधायकों ने केंद्रीय नेतृत्व को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री बदलने की मांग की. दबाव इतना बढ़ा कि फरवरी 2025 में बीरेन सिंह को इस्तीफा देना पड़ा और इसके बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया. संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति शासन एक साल से ज्यादा नहीं चल सकता, इसलिए केंद्र और राज्य दोनों स्तर पर यह मजबूरी बन गई कि नई सरकार का गठन किया जाए. इसी राजनीतिक और संवैधानिक दबाव के बीच युमनाम खेमचंद सिंह का नाम सामने आया.

खेमचंद सिंह का चयन केवल पार्टी के भीतर संतुलन साधने का फैसला नहीं है, बल्कि सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखकर लिया गया कदम माना जा रहा है. वे मैतेई समुदाय से आते हैं, जिसकी आबादी मणिपुर में करीब 53 प्रतिशत है, लेकिन उन्हें कुकी और नागा समुदायों के बीच भी स्वीकार्यता वाला नेता माना जाता है. हिंसा के दौरान वे उन गिने-चुने मैतेई नेताओं में थे, जिन्होंने कुकी राहत शिविरों का दौरा किया और विस्थापित परिवारों से मुलाकात की. नागा बहुल उखरुल जिले में कुकी गांव के राहत शिविर में उनकी मौजूदगी को मानवीय संदेश के तौर पर देखा गया. उस समय जब घाटी और पहाड़ के बीच भरोसे की दीवार सबसे ऊंची थी, खेमचंद की यह पहल एक अलग संकेत थी कि वे केवल अपनी जाति की राजनीति नहीं करना चाहते राजनीतिक अनुभव के लिहाज से भी खेमचंद सिंह को मजबूत दावेदार माना गया. वे 2017 और 2022 में सिंगजामेई सीट से विधायक चुने गए. 2017 में पहली बार सत्ता में आने पर उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया और उन्होंने पूरे पांच साल सदन की कार्यवाही संभाली. 2022 में वे मंत्री बने और ग्रामीण विकास, पंचायती राज, नगर प्रशासन, आवास और शिक्षा जैसे अहम विभागों की जिम्मेदारी निभाई. मणिपुर की राजनीति में करीब दो दशक से सक्रिय रहने वाले खेमचंद को संगठन और प्रशासन दोनों की समझ रखने वाला नेता माना जाता है. पार्टी नेतृत्व को लगा कि संकट के दौर में एक ऐसा चेहरा जरूरी है, जो अनुभव के साथ-साथ अपेक्षाकृत विवाद रहित भी हो.

मणिपुर विधानसभा का अंकगणित भी इस फैसले को मजबूती देता है. 60 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी के पास फिलहाल 37 विधायक हैं. 2022 के चुनाव में पार्टी को 32 सीटें मिली थीं, लेकिन बाद में जेडीयू के पांच विधायक बीजेपी में शामिल हो गए. एक सीट फिलहाल रिक्त है. इसके अलावा एनपीएफ के 5, जेडीयू के 1 और 3 निर्दलीय विधायक सरकार का समर्थन कर रहे हैं. इस तरह एनडीए के पास कुल 46 विधायकों का समर्थन है, जबकि विपक्ष 14 पर सिमटा है. संख्या के लिहाज से सरकार मजबूत है, लेकिन मणिपुर की राजनीति में असली चुनौती बहुमत नहीं, सामाजिक भरोसा है.

राज्य में आज भी करीब 50 हजार लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं. प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार अब तक केवल 25 से 30 प्रतिशत विस्थापित परिवार ही स्थायी रूप से अपने घर लौट पाए हैं. घाटी और पहाड़ी इलाकों के बीच आवाजाही पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई है. कई इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती के बिना लोगों का आना-जाना संभव नहीं है. सबसे बड़ी चिंता अवैध हथियारों की है. अनुमान है कि हिंसा के दौरान हजारों हथियार लूटे गए या अवैध रूप से जमा किए गए, जिनमें से अब तक केवल एक हिस्सा ही वापस लिया जा सका है. यह स्थिति शांति बहाली के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा मानी जा रही है.

नई सरकार के सामने प्राथमिक चुनौती पुनर्वास और सुरक्षा की होगी. हजारों परिवार जिनके घर जल गए, उनके लिए स्थायी आवास, मुआवजा और रोजगार की व्यवस्था करना आसान काम नहीं है. केंद्र सरकार ने पुनर्वास के लिए विशेष पैकेज देने की बात कही है, लेकिन जमीन पर इसका असर तभी दिखेगा, जब प्रशासन निष्पक्ष तरीके से काम करे. स्वास्थ्य और शिक्षा को भी दोबारा पटरी पर लाना होगा. आंकड़ों के मुताबिक हिंसा के कारण 100 से ज्यादा स्कूल और दर्जनों स्वास्थ्य केंद्र आंशिक या पूरी तरह बंद हो गए थे. इन्हें दोबारा चालू करना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी होगी.

बीजेपी की रणनीति यह भी मानी जा रही है कि मुख्यमंत्री मैतेई समुदाय से होंगे, जबकि उपमुख्यमंत्री पद पर कुकी और नागा समुदाय से प्रतिनिधित्व देकर संतुलन बनाया जाएगा. यह फामूर्ला सियासी तौर पर जरूरी है, क्योंकि 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं और पार्टी का लक्ष्य लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटना है. लेकिन चुनावी गणित से पहले सामाजिक गणित को दुरुस्त करना ज्यादा जरूरी है. संवाद की प्रक्रिया शुरू करना, रास्ते खोलना, राहत शिविरों को धीरे-धीरे खाली कराना और प्रशासन पर भरोसा लौटाना सरकार की प्राथमिकता होगी खेमचंद सिंह की पृष्ठभूमि उन्हें बाकी नेताओं से अलग बनाती है. वे पेशे से ताइक्वांडो खिलाड़ी और शिक्षक रहे हैं. 1977 में उन्होंने इस खेल की शुरूआत की और करीब 20 साल तक सक्रिय खिलाड़ी रहे. दक्षिण कोरिया में प्रशिक्षण लेकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया और भारतीय ताइक्वांडो टीम के कप्तान भी बने. बाद में वे खेल प्रशासक बने और ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया में उपाध्यक्ष रहे. असम ताइक्वांडो एसोसिएशन की स्थापना से लेकर मणिपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष तक का सफर उन्हें अनुशासन और संगठन की अहमियत सिखाता है.

उनके समर्थक मानते हैं कि खेल से आई यही सोच उन्हें राजनीति में भी संतुलित बनाती है.खेमचंद सिंह को स्वच्छ छवि वाला नेता माना जाता है. विधानसभा अध्यक्ष और मंत्री रहते हुए उन पर किसी बड़े भ्रष्टाचार या गंभीर विवाद का आरोप नहीं लगा. हिंसा के दौरान उन्होंने सार्वजनिक रूप से शांति की अपील की ।


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


## डिजिटल लत के साये में बचपन, टूटती जिंदगिया

**अजय कुमार,**

भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां बच्चों की दुनिया तेजी से बदल रही है. खिलौनों, मैदानों और दोस्तों की जगह मोबाइल स्क्रीन ने ले ली है. यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि धीरे-धीरे हमारी आंखों के सामने पनपा. गाजियाबाद की तीन नाबालिग बहनों और भोपाल के एक 14 साल के बच्चे की मौत ने इस सच्चाई को बेरहमी से उजागर कर दिया है कि डिजिटल दुनिया अब सिर्फ मनोरंजन नहीं रही, बल्कि कई मासूम जिंदगियों के लिए मानसिक जाल बन चुकी है. ये घटनाएं कोई इत्तेफाक नहीं हैं, बल्कि उस सिस्टम का नतीजा हैं जहां बच्चों की सुरक्षा से ज्यादा अहमियत डिजिटल मुनाफे को दी जा रही है.भारत में इंटरनेट और स्मार्टफोन की पहुंच ने पिछले एक दशक में क्रांति ला दी. सरकारी और निजी रिपोर्टों के मुताबिक आज देश में 80 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट यूजर हैं और इनमें करीब एक तिहाई बच्चे और किशोर हैं. एक औसत भारतीय बच्चा रोजाना 3 से 6 घंटे स्क्रीन पर बिता रहा है. कोरोना महामारी के दौरान यह समय और बढ़ा. ऑनलाइन पढ़ाई ने मोबाइल को बच्चों की जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा बना दिया. लेकिन पढ़ाई खत्म होने के बाद वही मोबाइल गेमिंग, सोशल मीडिया और ऑनलाइन चैलेंज का प्रवेश द्वार बन गया. धीरे-धीरे बच्चों के लिए असली दुनिया उबाऊ और स्क्रीन के भीतर की दुनिया ज्यादा आकर्षक लगने लगी.

ऑनलाइन गेमिंग का मनोविज्ञान बेहद जटिल है. कई गेम्स और टास्क-बेस्ड ऑनलाइन ट्रेंड इस तरह डिजाइन किए जाते हैं कि यूजर को लगातार अगला स्तर पूरा करने की बेचैनी बनी रहे. हर टास्क पूरा होने पर दिमाग में डोपामिन रिलीज होता है, जो खुशी और संतुष्टि का एहसास देता है. यही प्रक्रिया बार-बार दोहराई जाती है और लत बन जाती है. बच्चों का दिमाग, जो अभी विकास की अवस्था में होता है, इस प्रभाव को समझ नहीं पाता. वे यह फर्क नहीं कर पाते कि गेम का दबाव और असली जिंदगी की अहमियत क्या है. गाजियाबाद की तीनों बहनों के मामले में भी शुरूआती जांच यही संकेत देती है कि वे एक टास्क-बेस्ड ऑनलाइन गेम से भावनात्मक रूप से जुड़ चुकी थीं, जहां गेम पूरा करना ही उनका लक्ष्य बन गया था.समस्या सिर्फ गेमिंग तक सीमित नहीं है. सोशल मीडिया एल्गोरिदम भी इसी सिद्धांत पर काम करते हैं. रील्स, शॉर्ट वीडियो और लाइक-शेयर का सिस्टम बच्चों को लंबे समय तक स्क्रीन से बांधे रखता है. कंपनियों का मुनाफा यूजर के समय पर निर्भर करता है. जितना ज्यादा समय बच्चा स्क्रीन पर रहेगा, उतना ज्यादा डेटा, उतना ज्यादा विज्ञापन और उतनी ज्यादा कमाई. लेकिन इस दौड़ में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की कीमत कोई नहीं गिनता. भारत में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के लिए बच्चों की सुरक्षा को लेकर नियम तो हैं।

# विचार

## झुकता है अमेरिका, झुकाने वाला छप्पन इंची सीना चाहिए

**अरविंद रावल**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के कुछ ही महीनों बाद भारतझअमेरिका संबंधों में खटास आनी शुरू हो गई थी। यह खटास तब और बढ़ गई जब भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करवाने का श्रेय राष्ट्रपति ट्रम्प को नहीं दिया गया। अपनी नोबेल पुरस्कार की महत्वाकांक्षा अधूरी रहने से बौखलाए राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ का बोझ डालकर उसे झुकाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भी भारत सरकार और छप्पन इंची सीने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुके । करीब एक वर्ष तक ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय न मिलने से उपजी ट्रम्प की नाराजगी के कारण भारतझअमेरिका व्यापारिक संबंध तनावपूर्ण बने रहे। इस दौरान अमेरिका में अध्ययनरत भारतीय विद्यार्थियों और भारतीय नागरिकों पर भी कई तरह की पाबंदियां लगाई गईं, लेकिन भारत सरकार ने इन प्रतिबंधों का देश की अर्थव्यवस्था पर कोई खास असर नहीं पड़ने दिया ।

डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल में भारतझअमेरिका संबंध अत्यंत प्रगाढ़ थे और मोदीझट्रम्प की मित्रता के किस्से दुनिया भर में चर्चित थे। किंतु दूसरी बार सत्ता में आने के बाद ट्रम्प के सुर बदल गए। जिन नीतियों के सहारे वे दोबारा राष्ट्रपति बने, उन्हें नजरअंदाज कर अपनी हठधर्मिता के कारण उन्होंने न केवल अमेरिका को आर्थिक रूप से कमजोर किया, बल्कि उसकी वैश्विक महाशक्ति की छवि को भी नुकसान पहुँचाया । दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने दुनिया के अनेक देशों पर टैरिफ थोपना शुरू किया, जिसमें भारत भी शामिल था। परिणामस्वरूप पूरे वर्ष भारतझअमेरिका कूटनीतिक, राजनीतिक और व्यापारिक रिश्तों में दूरी बनी रही। हालांकि टैरिफ वार के बावजूद मोदी और ट्रम्प ने सार्वजनिक मंचों से एक-दूसरे के व्यक्तित्व की सराहना जारी रखी और व्यक्तिगत संबंधों पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा ।

अमेरिकी टैरिफ नीति के चलते भारत के चीन और यूरोपीय देशों से संबंध और अधिक मजबूत हुए, जिससे भारत को आर्थिक लाभ हुआ और अमेरिका को नुकसान उठाना पड़ा। अमेरिका में दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें आसमान छूने लगीं। बढ़ती महँगाई, टैरिफ पर अदालतों की फटकार और आर्थिक मंदी के संकेतों से ट्रम्प का विरोध उनके अपने देश में ही तेज हो गया। वैश्विक मंच पर अमेरिकी दबदबे के कमजोर पड़ने से छोटे-छोटे देश भी अब खुलकर अमेरिका को चुनौती देने लगे । चारों ओर से घिरते देख राष्ट्रपति ट्रम्प को अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की याद आई। वॉशिंगटन डीसी और नई दिल्ली के बीच हुई बातचीत के कुछ ही मिनटों में रिश्तों की जमी बर्फ पिघलने लगी और भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैरिफ घट कर 18 प्रतिशत कर दिया गया। इससे भारतीय व्यापार जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। यह भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत है। यह छप्पन इंची सीने वाले प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प की जीत है, जिसने अमेरिका को भी झुकने पर मजबूर कर दिया। भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारतीय बाजार की आवश्यकता है। इसलिए चाहे चीन हो, रूस हो या अमेरिका–हर देश को अपने आर्थिक हितों के लिए भारत पर निर्भर रहना ही होगा और भारत के साथ मधुर संबंध बनाए रखने होंगे । अब राष्ट्रपति ट्रम्प को यह भली-भांति समझ में आ गया है कि भारत के खिलाफ टैरिफ युद्ध उनकी एक बड़ी भूल थी। यदि हालात ऐसे ही बने रहते तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था को संभाल पाना आने वाले एक दशक तक भी कठिन हो जाता। ऐसे में भारत के प्रति बदला हुआ अमेरिकी रुख और टैरिफ में कटौती दोनों देशों के लिए लाभकारी है और महंगाई से राहत देने वाली भी है।

भारत अमेरिका संबंधों के सहज होने से भारत के चीन, रूस या अन्य देशों के साथ बने संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अमेरिका को अब भारत विरोधी देशों, विशेषकर पाकिस्तान और बांग्लादेश, के साथ अपने रिश्तों पर भी पुनर्विचार करना होगा। भारत से बेहतर संबंध बनाना आज अमेरिकी हितों की मजबूरी है । आने वाले समय में यदि राष्ट्रपति ट्रम्प भारत यात्रा की घोषणा करें और टैरिफ का बोझ 18 प्रतिशत से घट कर 8 प्रतिशत तक आ जाए, तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए क्योंकि झुकता है अमेरिका, झुकाने वाला छप्पन इंची मोदी सीना चाहिए ।


**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला– 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश–174303



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# व्यंग्य

## दिल सैंयारा हो गया

देश के अग्रणी म्यूज़िक लेबल टी-सीरीज के बैनर तले रिलीज हुआ लेटेस्ट हिंदी वीडियो सॉन्ग ह्लथोड़ा सा इश्क में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। साल 2025 में रिलीज हुए इस रोमांटिक गाने ने यूट्यूब पर 11 लाख से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं, जो इसकी भावनात्मक अपील और श्रोताओं से मिल रहे प्यार को साफ तौर पर दशार्ता है।

इस खूबसूरत रोमांटिक ट्रैक को चरनजीत सिंह सोंधी और अप्पी विक्रम ने अपनी सधी हुई और भावपूर्ण आवाज दी है। गाने का संगीत भी चरनजीत सिंह सोंधी ने ही तैयार किया है, जबकि इसके दिल को छू लेने वाले बोल अप्पी विक्रम ने लिखे हैं। हिंदी और इंग्लिश के खूबसूरत मेल के साथ तैयार यह गाना आज के युवाओं के दिलों को खास तौर पर छू रहा है।

गाने का म्यूज़िक प्रोडक्शन मानस बोरठाकुर ने संभाला है, वहीं मशहूर गिटारिस्ट शोमू सील की गिटार परफॉर्मेंस इस गाने को और भी खास बनाती है। गाने की मिक्सिंग और मास्टरिंग भास्कर शर्मा (यूफनी स्टूडियो, मुंबई) ने की है। रिकॉर्डिंग का काम पार्था और निशांत द्वारा यूफनी स्टूडियो, मुंबई में किया गया।

वीडियो की सिनेमैटोग्राफी डीओपी भास्कर खरे ने की है, जबकि उनके साथ डीओपी असिस्टेंट के रूप में राजा और विराट ने काम किया है। गाने के वीडियो में मेकअप की ज़िम्मेदारी मेकअप आर्टिस्ट मुआआशी ने निभाई है और अंजली असिस्टेंट मेकअप आर्टिस्ट के रूप में शामिल रहीं।

इस गाने के वीडियो में चरनजीत सिंह सोंधी, अप्पी विक्रम, आशी, हेमंत, अंजली, विराट, विराज, अमित, नवीन और केतन नजर आ रहे हैं। वीडियो का निर्देशन आशी ने किया है, जिन्होंने गाने की भावनाओं, प्यार और तड़प को बेहद खूबसूरती से पर्दे पर उतारा है।

गाने के बोल ह्लथोड़ा सा इश्क में जी ले यारा, थोड़ा सा इश्क में मर लेह्व जैसे पंक्तियों के जरिए प्यार के हर रंग को बखूबी बयां करते हैं। यह गीत उन सभी लोगों के लिए खास है जो प्यार में जीने और उसे पूरी शिद्दत से महसूस करने में यकीन रखते हैं।

## अंजाम-ए- गुलिस्ताँ क्या होगा ?

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

बर्बाद गुलिस्ताँ करने को बस एक ही उल्लू काफी था, हर शाख पे उल्लू बैठा है अंजाम-ए गुलिस्ताँ क्या होगा ? कम शब्दों में बड़ी बात कहने का हुनर साहित्यकार की विशेषता है। उल्लू को विनाश का प्रतीक बताया जाता है, यह सच है या झूठ, कहना मुश्किल है। फिर भी देश की वर्तमान स्थिति का यदि विश्लेषण किया जाए, तो लगता है कि जिन पर देश को विश्वास था, कि वे राष्ट्रहित में समर्पित रहकर राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए आचरण करेंगे, वही अपनी संकीर्ण राजनीति के चलते देश को बर्बाद करने पर तुले हैं।

यदि ऐसा न होता, तो शीर्ष सदन में मुद्दों से हटकर बहस नहीं होती। मुद्दा बजट सत्र में बजट की कमियों और अच्छाइयों के विश्लेषण की जगह अप्रमाणिक बातों से सदन का समय बर्बाद करने का दुस्साहस न किया जाता। देश में सामाजिक समरसता बनाए रखने हेतु जहाँ अलगाव के प्रतीक प्रावधानों का सामूहिक रूप से विरोध होना चाहिए था, वहां सियासी तत्व अलगावी प्रावधानों के विरुद्ध चुप्पी साधने हेतु विवश हैं। शीर्ष सदन में बात बात पर विरोध करने वाले सियासत के दिग्गज सबका साथ सबका विकास जैसी अवधारणा पर कुछ भी सकारात्मक बोलने से कतरा रहे हैं। ऐसा लगता है, कि जैसे आम आदमी की समस्याओं से पक्ष विपक्ष के किसी भी नेता को कोई सरोकार नहीं है।

देश को कभी साम्प्रदायिकता की प्रयोगशाला बना दिया जाता है, कभी जातीय विघटनकारी प्रयोगशाला। जिनके पास सत्ता है, वे सत्ता मद में इतने मस्त हैं, कि उन्हें सबका साथ सबका विकास का नारा तो याद रहता है, लेकिन नारे को धरती पर उतारने का उनके पास कोई विमर्श नहीं है।

नेता विपक्ष के नाम पर ऐसे व्यक्ति को सदन में अनाप शनाप बोलने की छूट मिली है, जो कभी किसी सिद्धांत पर टिका हुआ प्रतीत नहीं होता। गंभीर मुद्दों पर भी नेता विपक्ष कुछ नहीं बोलते। बहरहाल स्थिति विस्फोटक है। जातीय विघटनकारी शक्तियां देश में केवल नफरत बोने का कार्य कर रही हैं। तर्कसंगत विरोध या समर्थन का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं रह गया है।

# आदिवासी संस्कृति का महाकुंभ बस्तर पण्डुम

# जनजातीय संस्कृति विश्व पटल पर छाप छोड़ने को तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** बस्तर पण्डुम छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र का एक प्रमुख सांस्कृतिक, सामुदायिक और प्राकृतिक उत्सव है, जो जनजातीय परंपराओं, लोक कलाओं और जीवन शैली को संरक्षित व प्रदर्शित करता है। जिसमें पारंपरिक नृत्य, संगीत (मांदर-बांसुरी), वेशभूषा, लोक शिल्प (काष्ठ/बांस/धातु) और पारंपरिक खान-पान का प्रदर्शन किया जाएगा। यह उत्सव बस्तर की आत्म-अस्मिता का प्रतीक है, जो स्थानीय कलाकारों को मंच देने के साथ-साथ युवाओं को उनकी जड़ों से जोड़ता है। विभिन्न अंचलों से आए प्रतिभागी बस्तर की 12 पारंपरिक सांस्कृतिक विधाओं का प्रदर्शन करेंगें।

***इस वर्ष 54 हजार से अधिक प्रतिभागियों का पंजीयन***

इस वर्ष के आयोजन ने लोकप्रियता के पुराने सभी पैमाने ध्वस्त कर



दिए हैं और यह केवल एक प्रतियोगिता न रहकर अब लोक संस्कृति के एक विशाल उत्सव का रूप ले चुका है। आँकड़ों पर नजर डालें तो यह आयोजन इस बार एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वर्ष 2025 में जहाँ विकासखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में 15,596 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, वहीं इस वर्ष यह आँकड़ा तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 54,745 तक पहुँच गया है। बस्तर के लोग अपनी जड़ों, परंपराओं और लोक कलाओं को सहेजने के लिए कितने जागरूक और उत्साहित हैं। विशेष रूप से दन्तेवाड़ा जिले ने 24,267 पंजीयन के साथ पूरे संभाग में सर्वाधिक भागीदारी का रिकॉर्ड बनाया है, जिसके बाद कांकेर, बीजापुर और सुकमा जैसे जिलों ने भी हजारों की संख्या में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है।

***समृद्ध जनजातीय संस्कृति विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ने तैयार***

बस्तर की माटी की खुशबू और

**अद्वितीय संगम**

**बस्तर की माटी की खुशबू और समृद्ध जनजातीय संस्कृति विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ने को तैयार**

यहाँ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति एक बार फिर विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ने को तैयार है। संभाग स्तरीय बस्तर पण्डुम 07 से 09 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाी है, जिसके लिए अंचल के निवासियों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इस भारी उत्साह के बीच, अब सभी की निगाहें 07 से 09 फरवरी के बीच होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं पर टिकी हैं। जिला स्तर की कड़ी प्रतिस्पर्धा से जीत कर आए 84 दल और उनके 705 चयनित कलाकार इस दौरान अपनी कला की जादू बिखरेंगे। इन तीन दिनों में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा जनजातीय नृत्य की थाप, पारंपरिक गीतों की गूंज और नाटकों का मंचन ।

***65 कलाकार पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन छेड़ेंगे***

प्रतियोगिता में कुल 12 अलग-अलग विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें सर्वाधिक 192 कलाकार जनजातीय नृत्य में और 134 कलाकार जनजातीय नाटक में अपना हुनर दिखाएंगे। यह मंच केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं होगा, बल्कि यह बस्तर के ज्ञान, कला और स्वाद का एक अनुपम संगम होगा। जहाँ एक ओर 65 कलाकार पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन छेड़ेंगे, वहीं दूसरी ओर 56 प्रतिभागी लजीज जनजातीय व्यंजनों की खुशबू बिखेरेंगे। इसके औषधियों, चित्रकला, शिल्प कला, आभूषण और आंचलिक साहित्य का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# योगी सरकार में लौटा गुप्तारघाट का वैभव

**त्रेता युग**

**रामराज्य की परिकल्पना के अनुरूप आने वाले दिनों में गुप्तारघाट का नजारा त्रेता युग को जोड़ता दिखेगा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या।** अयोध्या में गुप्तारघाट का वैभव पुनः लौट रहा है। पर्यटन विकास तेजी से हो रहा है। योगी सरकार की रामराज्य की परिकल्पना के अनुरूप आने वाले दिनों में गुप्तारघाट का हर एक नजारा त्रेता युग को जोड़ता दिखेगा। क्योंकि सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल इस महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल पर तीसरे चरण का विकास कार्य अब अंतिम दौर में पहुंच गया है। विशेष रूप से यहां बन रहा ओपन एयर थियेटर संभवतः होली तक जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस थियेटर के साथ रावण वध, हनुमान और जटायु की भव्य मूर्तियां भी तैयार हो चुकी हैं, जो रामायण की भावना को जीवंत रूप से दशाएंगी।

गुप्तारघाट ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि भगवान राम ने इसी घाट से जल समाधि ली थी और यहां अंतिम बार सरयू नदी में प्रवेश किया था। राम भक्तों के लिए यह स्थान आस्था का केंद्र है। योगी सरकार ने इसे विश्व स्तरीय पर्यटन केंद्र बनाने का संकल्प लिया है। पहले दो चरणों में बड़े पैमाने पर विकास हो चुका है, जिसमें घाट का सौंदर्यीकरण, वॉटर स्पोर्ट्स सुविधाएं, आधुनिक पार्क, योग-ध्यान केंद्र आदि शामिल हैं। अब तीसरे चरण में कुल 1833.63 लाख रुपये (लगभग 18.34 करोड़) की लागत से अंतिम छोर का काम चल रहा है। जानिए, क्या क्या बन रहा है तीसरे चरण में तीसरे चरण में मुख्य रूप से पार्किंग क्षेत्र, पाथवे, टिकट घर, गार्ड रूम, टॉयलेट ब्लॉक, किचन के फिनिशिंग कार्य प्रगति पर हैं। साथ ही इंटरप्रिटेशन सेंटर, अन्य स्ट्रक्चरल म्यूरल्स (भित्ति चित्र), बाउंड्री वॉल का काम भी तेजी से चल रहा है। सबसे आकर्षक हिस्सा ओपन एयर थियेटर है, जहां फिनिशिंग, विद्युतीकरण और हॉर्टिकल्चर का कार्य जारी है। इस थियेटर में रामायण से जुड़े नाटक, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और रामलीला जैसे आयोजन होंगे। यहां रावण वध का दृश्य, हनुमान जी की विशाल प्रतिमा और जटायु की मूर्ति पर्यटकों को राम कथा की याद दिलाएंगी।

# श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के दर्शन के लिए अयोध्या रवाना



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या धाम की यात्रा को सुलभ बनाने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत आज बिलासपुर रेलवे स्टेशन से 850 भक्तों से भरी स्पेशल ट्रेन अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस यात्रा के दौरान यात्रियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ जी के दर्शन का विशेष लाभ भी प्रदान किया जाएगा। राज्य सरकार की इस जनकल्याणकारी पहल ने छत्तीसगढ़ वासियों की धार्मिक आस्थाओं को नई ऊंचाई प्रदान की है। श्रद्धालुओं को प्रेषित संदेश में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और आईआरसीटीसी के सहयोग से हम यात्रियों को

**दर्शन**

**यह योजना हमारी सरकार की जन-केंद्रित सोच का प्रतीक - राजेश अग्रवाल**

उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। यह हमारी सरकार की जन-केंद्रित सोच का प्रतीक है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही भक्तिमय वातावरण छाया रहा। जय राम के उद्घोषों से स्टेशन गूंज रहा था। श्रद्धालुओं भजन-कीर्तन गा रहे थे। स्टेशन परिसर को फूलों, रंगोली और भगवा ध्वजों से सजाया गया था। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड और आईआरसीटीसी के कर्मचारियों ने यात्रियों का स्वागत चाय, नाश्ता और स्मृतिचिन्ह प्रदान कर किया।

# जनसेवा, संवेदना और सुशासन की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करते हैं मुख्यमंत्री योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** नर्सरी में एडमिशन कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंची मासूम बच्ची की जिद हो या चॉकलेट की मांग करने वाले बच्चों की हठ। जिन मुख्यमंत्री का नाम सुनकर अपराधी कांप उठते हैं, बच्चे उन्हीं से मिलकर सहजता से अपनी जिद मनवा लेते हैं। कहते हैं, ह्यबच्चे मन के सच्चेह्व, वे अपने दिल की भावना को अत्यंत निश्छलता से प्रकट कर देते हैं, यही भाव उस समय सामने आया, जब सीएम योगी आदित्यनाथ को देखते ही एक छोटी बच्ची ने उन्हें सैल्यूट किया। सीएम ने भी मुस्कुराते हुए



बच्ची को खूब मन लगाकर पढ़ने के लिए कहा। उनका यह बाल प्रेम उनके कोमल हृदय व सर्वसुलभ होने के साथ-साथ जनसेवा, संवेदना व सुशासन की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करता है। मुख्यमंत्री के बच्चों से जुड़ाव और उनके साथ भावनात्मक संवाद के कई दृश्य समय-समय पर सामने आते रहते हैं। विगत सोमवार को ह्यजनता दर्शनह्व में मां के साथ आई बच्ची अनाबी अली से सीएम का संवाद इन दिनों चर्चा में है। अपने एडमिशन के लिए जिद, फिर एबीसीडी व कविता सुनाकर अनाबी ने सीएम का दिल जीत लिया। वहीं मकर संक्रांति पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गोरखनाथ मंदिर में एक बच्चे से ह्यऔर क्या चाहिएह्व पूछना और उसका मासूम जवाब सुनकर खिलखिलाकर हंसना भी उनके बालप्रेम को प्रकट करता है। बच्चों से अत्यंत आत्मीयता से संवाद और उनके भविष्य को लेकर त्वरित निर्णय मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करते हैं। बीते दिनों जनता दर्शन में दो साल की अनन्या से संवाद भी लोगों के मन को छू गया। इसी तरह 31 दिसंबर को मेजर की बेटी अंजना भट्ट ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपने मकान पर कब्जे की शिकायत की, जिस पर मुख्यमंत्री ने 24 घंटे के भीतर न सिर्फ मकान को कब्जा मुक्त कराया।

**बालहठ**

**सीएम योगी के पास पहुंच कर बालहठ के साथ निश्छल मन से अपनी बात रखते हैं प्रदेश भर के बच्चे**

# स्कोडा कायलेक ने एक वर्ष में 50000 बिक्री का आंकड़ा किया पार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडीः** में अब तक का सबसे सफल बिक्री वर्ष दर्ज करने और नई कायलेक लॉन्च करने के बाद स्कोडा ऑटो इंडिया अपने बढ़ते प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है।ब्रांड ने अपनी बेस्ट सेलिंग कार कायलेक के वेरिएंट्स बढ़ाकर भारतीय सड़कों पर यूरोपीय तकनीक को और अधिक सुलभ बनाने की अपनी रणनीति को आगे बढ़ाया है जिससे ग्राहकों को ज्यादा विकल्प और बेहतर वैल्यू मिलती है।कायलेक भारत में स्कोडा ऑटो की ग्रोथ स्टोरी का एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरी है। लॉन्च के बाद से 50000 से अधिक यूनिट्स की बिक्री के साथ कायलेक ने ब्रांड के भारत में 25वें वर्ष में स्कोडा ऑटो इंडिया के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बिक्री प्रदर्शन में अहम योगदान दिया है। कायलेक में सुरक्षा, ड्राइविंग डायनेमिक्स,तकनीक और वैल्यू का मेल ग्राहकों को बेहद पसंद आया है जिससे यह सब 4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में एक मजबूत दावेदार बन गई है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा कायलेक भारत के प्रति हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है।

# निर्माया धर्मशाला के लॉन्च के साथ ही स्टर्लिंग ने हिमालय क्षेत्र में मौजूदगी में विस्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशालाः** स्टर्लिंग हॉलीडे रेसोर्ट्स ने हिमाचल प्रदेश में धौलाधार की भव्य पृष्ठभूमि में अपने आधुनिक हिमालयन रिट्रीट का उद्घाटन करने की घोषणा की है। यह नया रिट्रीट हिमाचल प्रदेश में स्टर्लिंग की छठी प्रॉपर्टी है और नॉर्थ इंडिया में ब्रैंड के लैजर पोर्टफोलियो में इसने नया आयाम जोड़ा है।स्टर्लिंग निमार्या धर्मशाला में आकर्षक माउंटेन लाइफ और फूड एंड बेवेरेज सोशल एक्सपीरियेंस का अनूठा मेल समाया है।कांगड़ा घाटी के ऊपरी इलाके में खुला यह रेसोर्ट फैमिली गेटवे, इंटीमेट सेलीब्रेशंस और सामूहिक आयोजनों के लिए सुविधाजनक सेटिंग उपलब्ध कराता है।रिसोर्ट में सुविधाजनक रूम्स एवं स्वीट्स जिनमें प्रत्येक के साथ सिट आउट भी है शामिल हैं जो मेहमानों को शुद्ध पहाड़ी हवा और घाटी का नजारा देखने की सुविधा देते हैं। रेसोर्ट में मेहमानों को आपस में कनेक्ट होने का अवसर प्रदान करने के लिए रूफटॉप इन्फिनिटी पूल की व्यवस्था भी की गई है।रिसोर्ट की कलीनरी पेशकश इन अनुभवों को और खास बनाती है। इसके ऑल डे डाइनिंग रेस्टॉरेंट मेजबान में भारतीय व्यंजनों के अलावा हिमाचली फ्लेवर्स और ग्लोबल क्लासिक्स को पेश किया जाता है जबकि रूफटॉप बार इग्निस में हिमालय के भव्य नजारों के बीच स्नडाउनर्स और स्टारलिट ईवनिंग्स का आयोजन किया जाता है। रेसोर्ट के एक अन्य इवेंट स्पेस समिट में मेहमानों को मीटिंग्स,वर्कशॉप और अन्य कई निजी समारोहों को आयोजित करने की सुविधा मिलती है।

**व्यवस्था**

**कनेक्ट होने का अवसर प्रदान करने के लिए रूफटॉप इन्फिनिटी पूल की व्यवस्था भी की गई**

## कैबिनेट ने वर्ष 2025-30 की नई स्टार्टअप नीति को दी मंजूरी

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य को नवाचार और स्टार्टअप के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज महानदी मंत्रालय भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-के लागू होने से राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूती मिलेगी।

# छत्तीसगढ़ की नई स्टार्टअप नीति को मिली मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-30 को मंत्रिपरिषद की स्वीकृति छत्तीसगढ़ राज्य मंत्रिपरिषद ने आज छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-30 को स्वीकृति प्रदान की। इस नीति का उद्देश्य राज्य में एक सशक्त, समावेशी एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप इकोसिस्टम का निर्माण करना है, जिससे नवाचार को बढ़ावा मिले, रोजगार सृजन हो तथा सतत आर्थिक विकास को गति प्राप्त हो। यह नीति राज्य के युवाओं को



नवाचार एवं उद्यमिता की दिशा में प्रेरित एवं सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नई स्टार्टअप नीति के अंतर्गत वर्ष 2030 तक 5,000 से अधिक नए क्ष्प्प्ज्-पंजीकृत स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नीति के माध्यम से वित्तीय सहायता, इनक्यूबेशन, मेंटरशिप, बाजार संपर्क, क्षमता निर्माण तथा प्रौद्योगिकी एवं बौद्धिक संपदा समर्थन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। नीति में 100 करोड़ रूपए के छत्तीसगढ़ स्टार्टअप (कैपिटल) फंड, 50 करोड़ रूपए के क्रेडिट रिस्क गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान, रोजगार सृजन सब्सिडी सहित कई महत्वपूर्ण प्रोत्साहनों का प्रावधान किया गया है। महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति/जनजाति, दिव्यांगजन, सेवानिवृत्त सैनिक, नक्सल प्रभावित व्यक्तियों तथा पब्लिक वेलफेयर एवं सर्कुलर इकोनॉमी से जुड़े स्टार्टअप्स के लिए विशेष प्रोत्साहन भी नीति का प्रमुख हिस्सा हैं।

**अनुदान**

**स्टार्टअप (कैपिटल) फंड, 50 करोड़ रूपए के क्रेडिट रिस्क गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान**

# एसईसीएल में सीआईएल अंतर-कंपनी हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**बिलासपुरः साउथ** ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के तत्वावधान में कोल इंडिया अंतर-कंपनी हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ स्व. बी.आर. यादव अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैदान, बहतराई, बिलासपुर में सम्पन्न हुआ। पूरे आयोजन में ऊर्जा, अनुशासन एवं खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह प्रतियोगिता दिनांक 04 से 07 नवम्बर 2026 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के मध्य रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन उपस्थित रहे।




इसके साथ ही रोहताश्व बाजपेयी, अध्यक्ष, हॉकी बिलासपुर, श्रमसंघ प्रतिनिधियों में एसईसीएल कल्याण मण्डल के सम्मानित सदस्य बजरंगी शाही, राजेश शर्मा एवं पी. चंद्रकांत की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही एसईसीएल मुख्यालय कल्याण मंडल समिति, जेसीसी सदस्य, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य, समस्त काउंसिल एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम सभी टीमों द्वारा आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर अतिथियों को सलामी दी गई।

इसके पश्चात निदेशक मंडल एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा गोल पोस्ट पर प्रतीकात्मक गोल कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया। अतिथियों द्वारा सभी टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उन्हें आगामी मैचों हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। अपने संबोधन में बिरंची दास ने कहा, खेल संगठन में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। यह प्रतियोगिता कोल इंडिया परिवार की खेल भावना और समन्वय का प्रतीक है। इस अवसर पर सम्मानित अतिथियों द्वारा टूनार्मेंट का पहला गोल कर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की की शुरूआत में अतिथियों का भंगरा नृत्य से जोरदार स्वागत किया गया साथ ही एसईसीएल कर्मियों द्वारा एक स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति भी दी गई। इसके साथ छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों से वातावरण पूर्णतः उत्सवमय एवं भव्य बन गया।

इस प्रतियोगिता में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियाँ – एसईसीएल, ईसीएल, एनसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, डब्ल्यूसीएल, एमसीएल तथा तेलंगाना स्थित सरकारी कोल कंपनी एससीसीएल – भाग ले रही हैं।

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में खेले गए मुकाबलों में एसईसीएल ने ईसीएल को 8-0 से पराजित किया, एनसीएल ने बीसीसीएल को 4-1 से हराया, सीसीएल ने एससीसीएल को 3-1 से पराजित किया, एमसीएल ने डब्ल्यूसीएल को 1-0 से हराया, एसईसीएल ने बीसीसीएल को 6-0 से शिकस्त दी एवं अंतिम मैच में एनसीएल ने ईसीएल को 4-0 से पराजित किया।

**भव्य**

**4 से 7 फरवरी के बीच बहतराई स्टेडियम के एस्ट्रो तरफ मैदान में खिताब के लिए भीड़ रही हैं 8 टीमें**

# कैंसर इलाज के लिए अब दिल्ली-मुंबई पर आश्रित नहीं यूपी, मरीजों को नहीं काटने पड़ रहे चक्कर

**राहत**

**नेपाल व बिहार तक के मरीज यूपी में करवा रहे ट्रीटमेंट, गांवों के मरीजों को चक्कर काटने से मिली राहत**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** कैंसर के इलाज के लिए अब उत्तर प्रदेश के मरीजों को दिल्ली या मुंबई की ओर रुख करने की मजबूरी नहीं रही। लखनऊ से वाराणसी तक स्थापित कैंसर ट्रीटमेंट नेटवर्क प्रदेश को देश में सबसे बड़ी व सुलभ कैंसर उपचार व्यवस्था के रूप में स्थापित कर रहा है। लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान और वाराणसी में टाटा मेमोरियल की तर्ज पर बने केंद्रों की सफलता ने यूपी में स्वास्थ्य व्यवस्था की तस्वीर ही बदल दी है। स्थिति ये है कि अब बिहार व नेपाल तक के मरीज इलाज के लिए यूपी आ रहे हैं। योगी सरकार के बहुस्तरीय प्रयासों का परिणाम है कि कैंसर की स्क्रीनिंग से लेकर सुपर स्पेशियलिटी इलाज और आर्थिक सहायता तक, हर स्तर पर सुविधाएं मजबूत हुई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत स्वास्थ्य ढांचे का व्यापक विस्तार किया गया है। कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान में 220 बेड, एक छत के नीचे समग्र इलाज




**स्क्रीनिंग से लेकर सर्जरी तक**

लखनऊ के चक गजरिया में स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान आज अत्याधुनिक कैंसर उपचार का प्रमुख राष्ट्रीय केंद्र बन चुका है। 220 बेड, आधुनिक रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी और सर्जरी की सुविधाओं के साथ यह संस्थान एक ही छत के नीचे समग्र इलाज उपलब्ध करा रहा है।

**वाराणसी में त्वरित और प्रभावी इलाज**

वाराणसी में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र और होमी भाभा कैंसर अस्पताल पूर्वांचल के लिए जीवनरेखा साबित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष प्रयासों से शुरू हुए ये संस्थान टाटा मेमोरियल मॉडल पर कार्य कर रहे हैं। लखनऊ और वाराणसी के बीच विकसित यह सुविधा रेफरल सिस्टम, विशेषज्ञ परामर्श और तकनीकी सहयोग के जरिए मरीजों को त्वरित और प्रभावी इलाज दे रही है।

**मजबूत व्यवस्था**

पिछले तीन वर्षों में सरकारी अस्पतालों में कैंसर ओपीडी, सफल सर्जरी और उपचार में बड़ी सफलता मिली है। जिला गैर-संचारी रोग (एनसीडी) क्लिनिक के माध्यम से कैंसर की शुरूआती जांच सुविधा उपलब्ध कराई गई है। विशेष रूप से महिलाओं में स्तन व सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि बीमारी का पता शुरूआती चरण में ही चल सके और मृत्यु दर घटाई जा सके।

सीएम योगी का निर्देश, धन के अभाव में न रुके इलाज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकना चाहिए। इसके तहत आयुष्मान भारत योजना के तहत बड़ी संख्या में कैंसर मरीजों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड जारी करने में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।

# मुख्यमंत्री ने गुणवत्तापूर्ण दवाएं सुनिश्चित करने के लिए नई आवश्यक औषधि सूची तैयार करने के दिए निर्देश

**पारदर्शी**

» दवाओं की सीधी खरीद से अधिक पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने में मिलेगा बल



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार देर सायं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए नई आवश्यक औषधि सूची (एसेंशियल ड्रग्स लिस्ट) तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस नई सूची की समीक्षा एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा की जाएगी और दवाओं की खरीद सीधे निर्माता कंपनियों से की जाएगी, जिसके लिए आवश्यक प्रावधान किए जाएंगे।

निर्माताओं से दवाओं की सीधी खरीद से बिचौलियों के कारण होने वाली देरी को समाप्त करने और अधिक पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने में बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को उपलब्ध की जाने वाली दवाओं की सैंपलिंग और गुणवत्ता जांच की व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। इसके लिए राज्य के प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय में एक समर्पित सेल स्थापित किया जाएगा तथा राज्य सरकार पर्याप्त स्टाफ, प्रशिक्षण और आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाएगी।

प्रथम चरण में आईजीएमसी शिमला और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टांडा में यह सेल स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

सुक्खू ने यह भी निर्देश दिए कि हिमाचल प्रदेश में दवा निर्माता कंपनियों द्वारा निर्मित दवाओं की गुणवत्ता जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को राज्य में भारत के औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 की अनुसूची-एम के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।

बैठक में सचिव स्वास्थ्य एम. सुधा देवी, विशेष सचिव अश्विनी कुमार, निदेशक आयुष निपुण जिंदल, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. राकेश शर्मा, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. गोपाल बेरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कुलदीप सिंह पठानिया ने शिमला में संभाला कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बुधवार को शिमला स्थित बोर्ड के मुख्यालय में अपना कार्यभार संभाल लिया। पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया की इस पद पर नियुक्ति की अधिसूचना बीते दिन जारी की गई थी। बुधवार को मुख्यालय में पहुंचने पर हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों ने कुलदीप सिंह पठानिया का स्वागत किया तथा उन्हें बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों एवं भावी योजनाओं से अवगत करवाया। कुलदीप सिंह पठानिया कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। नया कार्यभार संभालने के बाद कुलदीप सिंह पठानिया वीरवार को अपने गृह क्षेत्र में पहुंचेंगे।

# विकास और विरासत दोनों को समान रूप से आगे बढ़ाने को कटिबद्ध: मुकेश अग्निहोत्री

**संकल्प**

» विकास और विरासत दोनों को समान रूप से आगे बढ़ाना सरकार का संकल्प



**राजन पुरी**

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटलां में शोभा यात्रा के पूर्व सभी श्रद्धालुओं को उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश की संस्कृति, आस्था और धार्मिक परंपराएं हमारी पहचान की आधारशिला हैं।

इन परंपराओं का संरक्षण एवं संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि विकास और विरासत, दोनों को समान रूप से आगे बढ़ाया जाए। ऊना जिले की अपनी विशिष्ट ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान है।

यहां स्थित सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं, जिनके सुदृढ़ीकरण और सुविधा विस्तार के लिए सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे महान संत समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं और उनकी उपस्थिति से सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को बल मिलता है। वहीं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ समाज में आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता को भी मजबूत करते हैं।

## डीसीए ऊना स्पेशल डे एकेडमी के ट्रायल्स 8 फरवरी को

**राजन पुरी**

**ऊना।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ऊना की ओर से स्पेशल डे एकेडमी के लिए खिलाड़ियों के ट्रायल्स आयोजित किए जा रहे हैं। यह ट्रायल्स 8 फरवरी को इंदिरा स्टेडियम ऊना में संपन्न होंगे। खिलाड़ियों के लिए रजिस्ट्रेशन टाइम सुबह 9:30 बजे निर्धारित किया गया है। इन ट्रायल्स में 12 से 17 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को डीसीए ऊना स्पेशल डे एकेडमी में पेशेवर कोचिंग, बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं और खेल कौशल निखारने का अवसर मिलेगा। जिला क्रिकेट संघ ऊना के अध्यक्ष मदन पुरी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को पहचान दिलाना है।

# वृंदावन नगरी में तब्दील हुआ ऊना शहर



**राजन पुरी**

**ऊना।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री राधा-कृष्ण मंदिर कोटला कलां में महासम्मेलन के चौथे दिन राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के नेतृत्व में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस दौरान राधा कृष्ण की पालकी की अगुवाई में हजारों श्रद्धालुओं ने इस शोभायात्रा में हिस्सा लिया। हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने राधा कृष्ण की पालकी को उठाकर शोभा यात्रा का आगाज किया। इस दौरान राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, आयोग के सदस्य विजय डोगरा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष देशराज गौतम, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

श्री राधा कृष्ण मंदिर के अधिष्ठाता एवं राष्ट्रीय संत बाल जी महाराज ने भी हजारों श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। बुधवार को निकाली गई शोभायात्रा से जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्र पूरी तरह से मिनी वृंदावन में तब्दील हो गए।

हर तरफ हरे कृष्णा और राधे-राधे के उद्घोष से माहौल भक्ति पूर्ण बना रहा। शोभा यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर सबसे आगे चल रही थी। इसके अलावा राधा-कृष्ण, शिवजी, बाबा बालक नाथ का झंडा, कुगू देवताओं के रथ के साथ आर्कषक झांकियों, बैंडपार्टियों, गतका दलों व स्कूली बगाों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। शोभा यात्रा का जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया।




## जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा चनेड में विश्व कैंसर दिवस का आयोजन




**हामिद खान**

**चंबा।** बुधवार को ज़िला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चम्बा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चनेड मे विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जालम भारद्वाज ने बताया कि आज 4 फरबरी को जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा कैंसर की विभिन्न स्तरों और उस के कारणों और ट्रीटमेंट प्रोसेस की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम यूनाइटेड बाई यूनिक है, जिस पर स्वास्थ्य विभाग कार्य कर रहा है लोगों को कैंसर की जागरूकता के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिस से इन गैप को कम किया जा सके।

उन्होंने बताया कि विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर यह समझना बेहत जरुरी है कि कैंसर सिर्फ एक बिमारी नही, बल्कि परिवार और समाज पर पड़ने वाला एक बड़ा बोझ है।

## अंब में शादी से लौट रहे व्यक्ति से मारपीट, चार लोगों पर मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना।** उपमंडल अंब के नंदपुर गांव में शादी से लौट रहे एक व्यक्ति और उसके बेटों के साथ रास्ता रोककर



मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस घटना में पीड़ित को सिर पर गहरी चोटें आई हैं। पुलिस थाना अंब ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में ओम प्रकाश निवासी नंदपुर ने बताया गया कि मंगलवार रात्रि अपने दोनों बेटों के साथ एक शादी समारोह से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नंदपुर निवासी सुनीत कुमार उर्फ सन्नी, सुनील कुमार, दिनेश कुमार और रजत कुमार ने उनका रास्ता रोक लिया।

शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की, जिससे उनके सिर पर गहरी चोटें आईं। ओम प्रकाश ने आरोप लगाया कि उक्त लोग आए दिन गांव और गांव से बाहर इस तरह की गुंडागर्दी करते रहते हैं तथा इनके खिलाफ पहले भी थाना अम्ब में शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे मेडिकल जांच के लिए सीएचसी अंब भेजा। प्राथमिक जांच और शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

डीएसपी अंब अनिल पटियाल ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### गांव कियाणी में मकान में भड़की आग, 4 कमरों में रखा लाखों का सामान राख

**हामिद खान**

**चंबा।** चंबा मुख्यालय से करीब 12,किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कियाणी में मंगलवार देर सांय एक दो मंजिला मकान में अचानक आग लग गई। इस भीषण अग्निकांड में लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया है। गनीमत यह रही कि जिस वक्त और जिस कमरे में आग भड़की, वहां परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था, जिससे जानी नुक्सान होने से बच गया।

घटना के बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवार को फौरी राहत प्रदान की है। जानकारी के अनुसार आग हंस राज के मकान की निचली मंजिल (धरातल) में लगी। हंस राज ने बताया कि घटना के समय परिवार के सदस्य रसोई में खाना बना रहे थे, तभी उन्होंने एक कमरे से धुआं उठते देखा। जब तक वे कुछ समझ पाते,



आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस अग्निकांड में घर में रखी खाद्य सामग्री, बर्तन, टीवी, फ्रिज, पंखे, बिस्तर और कपड़े पूरी तरह जल गए। इसके अलावा कमरे में रखी जेवरात की अलमारी भी आग की भेंट चढ़ गई, जिससे परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है। इस अग्निकांड के दौरान जलशक्ति विभाग की भूमिका बेहद सराहनीय रही। आमतौर पर कियाणी में शाम के बाद पेयजल आपूर्ति बंद कर दी जाती है, लेकिन आग की सूचना मिलते ही विभाग ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही मिनटों में पानी की सप्लाई चालू कर दी।

### जायका समीक्षा मिशन के प्रमुख तकुरो ने चैतड़ू किसान संगठनों के संयुक्त मंच का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** सचिव (कृषि) डॉ. सी. पॉलरासु, मिशन सदस्य तएको व निष्ठा, परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान, एच.एफ.एन. के सी.ई.ओ. रुचित गर्ग, परियोजना के वरिष्ठ सलाहकार बी.एस. संधू भी उपस्थित थे *यह महासंघ प्रोजेक्ट की एक एग्री-बिजनेस पहल है. जायका मध्यावधि समीक्षा मिशन ने बुधवार को दूसरे दिन कांगड़ा जिले के चैतड़ू में हिमाचल प्रदेश किसान उत्पादक संगठनों के महासंघ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार के सचिव (कृषि) डॉ. सी. पॉलरासु, परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान, एच.एफ.एन. के सी.ई.ओ. रुचित गर्ग और परियोजना के वरिष्ठ सलाहकार बी.एस. संधू उपस्थित थे।

इस पहाड़ी राज्य के किसान संगठनों का यह महासंघ, हार्वेस्टिंग फार्मर्स नेटवर्क (एच.एफ.एन.), मोहाली के सहयोग से आयोजित किया गया है. यह प्रोजेक्ट की एक एग्री-बिजनेस पहल है। जायका समीक्षा मिशन का नेतृत्व जायका-इंडिया के मुख्य प्रतिनिधि श्री ताकेउची तकुरो कर रहे हैं, जबकि सदस्य के तौर पर जायका-इंडिया की प्रतिनिधि इवामोटो तएको और जायका-इंडिया की विकास विशेषज्ञ निष्ठा वेंगुरलेकर शामिल हैं।

## जिला ऊना में 190 ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित

**राजन पुरी**

**ऊना।** जिला पंचायत अधिकारी ऊना श्रवण कुमार ने जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश ने ग्राम पंचायत चुनावों के लिए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर ली है।

डीपीओ ने बताया कि ऊना जिला की 190 ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नियमावलियों का प्रकाशन भी 3 फरवरी को कर दिया गया है। जबकि ऊना जिला की 37 ग्राम पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजन/पुर्नगठन/सृजन को लेकर भेजे गए प्रस्ताव की सूचना अभी पंचायती राज विभाग से अपेक्षित है।

इनमें हरोली विकासखंड के तहत ग्राम पंचायत बीटन, नंगल खुर्द, ललड़ी, ईसपुर, बाथू, पोलियांबीत और दुलैहड़ शामिल है।

# सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनर 15 फरवरी से पूर्व अपना ई-केवाईसी सत्यापन करवाना करें सुनिश्चित

**चमन शर्मा**

**शिमला।** ज़िला कल्याण अधिकारी शिमला कपिल देव शर्मा ने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों से अपील की है कि जिन्होंने अपनी ई-केवाईसी सत्यापन अभी तक नहीं करवाया है वे अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र अथवा संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर 15 फरवरी 2026 से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना (ई-केवाईसी) सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हि. प्र. द्वारा निर्णय लिया गया था कि प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों का ऑनलाइन माध्यम से ई-केवाईसी सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए एक मोबाइल ऐप तैयार किया जाए ताकि




सभी पात्र पेंशनरों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन सुचारू रूप से उनके बैंक/डाकघर के बचत खातों में वितरित की जा सके। विभाग द्वारा सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों का सत्यापन (ई-केवाईसी) युद्ध स्तर पर जिला कल्याण अधिकारी व तहसील कल्याण अधिकारी माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से जुलाई 2025 में आरम्भ किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत सभी लाभार्थियों का ई-केवाईसी सत्यापन पूरा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई थी। जिन पेंशन धारकों ने निर्धारित अवधि में अपना ई-केवाईसी सत्यापन नहीं करवाया है, उनकी पेंशन विभाग द्वारा अस्थायी तौर पर रोक दी गई है। उन्होंने बताया कि इस अंतिम अवसर के उपरान्त, पेंशन लाभार्थी द्वारा अपनी ई-केवाईसी सत्यापित नहीं करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि पेंशनर अनुपलब्ध है।

अथवा सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने हेतु पात्र नहीं है, तथा उन पैंशनरों की पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी जायेगी। इसके अतिरिक्त, यदि किसी असहाय पेंशनभोगी का आधार कार्ड किसी कारण से नहीं बना है या उसे अपडेट करने की आवश्यकता है, तो वह आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकता है।